RNI - CHHHIN/2009/29541 वर्ष–16, अंक–8 , फरवरी 2025 मूल्य- ₹20
Surguja.Dn/CG/01/2023-2025

मासिक

वाद विरहित,दृष्टि–सम्यक्, शब्द दीपक आरती।
सर्वांग, सम्पन्न राष्ट्र का संकल्प सूर्य भारती।।

# सूर्य भारती






## दिल्ली की 'भाग्य रेखा'
दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की सरकार



## जल्द तैयार होगा छत्तीसगढ़ का नया विधानसभा भवन

## रामविचार नेताम जी के जन्मदिवस पर विशेष



जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन की मतगणना हुआ संपन्न



अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृहग्राम बगिया में मनाया 61वां जन्मदिन





## जनपद पंचायत बगीचा में मतदान को लेकर भारी उत्साह




## पीएम मोदी ने किसानों को जारी किए 599 करोड़ रुपये

केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर एवं सबजेल की जेलों के बंदियों को मिला महाकुम्भ स्नान का सौभाग्य



बाल विवाह की रोकथाम के लिए आमजनों करें जागरूक-कलेक्टर कटारा



नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत संपन्न हुई मतगणना



पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए ... सिंह हुई निर्वाचित



जिले के पांचों नगरीय निकायों का मतगणना हुआ सम्पन्न



सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित



**सरपंच श्रीमती सुमित्रा सिंह**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत लटोरी**

जनपद पंचायत सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित



**सरपंच रामप्रसाद सिंह**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत गंगापुर**

जनपद पंचायत सूरजपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

**सरपंच रामप्रताप आयाम**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत सुलसुली**

जनपद पंचायत वाड्रफनगर, बलरामपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित



**सरपंच श्रीमती तेजो बाई**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत गड़ाकटा**

जनपद पंचायत कुनकुरी, जिला जशपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

**सरपंच देवनाथ तिग्गा**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत खैरवार**

जनपद पंचायत अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

**सरपंच ललकी टोप्पो**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत घाघरा**

जनपद पंचायत मनोरा, जशपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

**सरपंच शिवनन्दन भगत**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत मनोरा**

जनपद पंचायत मनोरा, जशपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

**सरपंच श्रीमती इन्द्रावती बाई**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत कांटाबेल**

जनपद पंचायत मनोरा, जशपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

**सरपंच सम्फलाल**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत मानपुर**

जनपद पंचायत प्रतापपुर, सूरजपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

**सरपंच रामकेवल सिंह**

को भारी मतों से
विजयी बनाने पर आभार...

**ग्राम पंचायत कोटेया**

जनपद पंचायत प्रतापपुर, सूरजपुर (छ.ग.)

# सूर्य भारती

(मासिक पत्रिका)

वर्ष-16, अंक- 8, फरवरी 2025

सम्पादक
**एम.पी. गुप्ता**
मो 09827884065

सहायक संपादक
**सुशील श्रीवास्तव**
मो.7339919826

कोटा (राजस्थान) कार्यालय
इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास मेन रोड
सोगरिया कोटा जंक्शन राजस्थान
हिमाभ गुप्ता (बिलासपुर)

बिलासपुर प्रतिनिधि
**मनीष अम्बष्ट**

सलाहकार संपादक
नरेन्द्र कुमार गुप्ता मो. 09300020740

स्वत्वधिकारी, मुद्रक
एवं प्रकाशक
**एम.पी.गुप्ता**
कन्या परिसर मार्ग, अम्बिकापुर
सरगुजा (छत्तीसगढ़)

मुद्रक
शिवायन ऑफसेट
प्रतापपुर नाका, अम्बिकापुर
सरगुजा (छत्तीसगढ़)

प्रकाशन स्थल
कन्या परिसर मार्ग, अम्बिकापुर
सरगुजा (छत्तीसगढ़)
Email- suryabharti2009@gmail.com

प्रदेश कार्यालय
एल.आई.जी.
41 इन्द्रावती कॉलोनी
राजातालाब, रायपुर (छ.ग.)

सूरजपुर जिला प्रतिनिधि
योगेश्वर पटवा

कोरिया जिला प्रतिनिधि
डी.सी.बघेल

बलरामपुर जिला प्रतिनिधि
सुभाष गुप्ता

कोरबा प्रतिनिधि
लक्ष्मण शुक्ला

डाक पंजीयन क्रमांक
**Surguja Dn/CG/01/2023-2025**


# विवरणिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | संपादकीय | 4 |
| 2. | दिल्ली की 'भाग्य रेखा' | 5 |
| 3. | जल्द तैयार होगा छत्तीसगढ़ का .... | 6 |
| 4. | जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन की... | 8 |
| 5. | छात्रों ने संसदीय बहस, चर्चा .... | 9 |
| 6. | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के वित्तीय | 10 |
| 7 | प्रथम चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन | 11 |
| 8. | तृतीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के ... | 12 |
| 9. | जिले के 02 नगरपालिका एवं 03 नगर पंचायत में ... | 14 |
| 10. | तीसरे चरण के मतदान में .... | 16 |
| 11. | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के ... | 17 |
| 12. | जिले के सभी नगरीय निकायों की मतगणना ... | 19 |
| 13. | भारतीय रेलः कश्मीर चलें हम! | 25 |
| 15. | भारतीय रेल- विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक ... | 27 |
| 16. | तृतीय अनुपूरक में 19762 करोड़ रूपए | 33 |


सूर्य भारती के समस्त सहयोगियों विज्ञापनदाताओं पाठकों एवं शुभचिंतकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। -सम्पादक

सभी जगहों में प्रतिनिधि हेतु इच्छुक व्यक्ति पत्र या फोन द्वारा संपर्क करें। अपने विचार व सुझाव पत्र द्वारा देने का कष्ट करे। -सम्पादक

# सनातन, आस्था व विकास को समर्पित योगी सरकार का बजट

*उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सनातन को समर्पित करते हुए सामाजिक सरोकारों वाला व्यापक बजट प्रस्तुत किया है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तथा जीवन के हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। सर्वसमावेशी होने के कारण छात्र, किसान, व्यापारी, महिलाएं, विषय विशेषज्ञ और उद्योगपति सभी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। बजट में धर्मस्थलों के विकास व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त धन दिया गया है। प्रदेश सरकार के बजट में हर उस क्षेत्र तक पहुंच बनाने का प्रयास किया गया है जो आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बजट में अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है।*



प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण का प्रारम्भ महाकुंभ के आयोजन से किया और फिर धर्मस्थलों के विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर व मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर की स्थापना के बाद सरकार मथुरा में श्री बांकेबिहारी जी महाराज मंदिर, मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का निर्माण करायेगी। इसके लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 100 करोड़ और निर्माण के लिए 50 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केंद्र की स्थपना के लिए 100 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहले ही 25 करोड़ बजट के साथ पांच एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र में वैदिक पर्यावरण, वैदिक गणित, वैदिक विधिशास्त्र, वैदिक योग विज्ञान, वैदिक वन औषधियां वनस्पति आदि पाठ्यक्रम होंगे। यहां पर बड़े वैदिक पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाएगा, साथ ही वेदशाला,वैदिक संग्रहालय, तारा मंडल, संगोष्ठी कक्ष बनाये जाएंगे। केंद्र में गुरुकुल व आधुनिक पद्धति के अंतर्गत कक्षाएं बनायी जायेंगी। मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिर्जापुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी धन का प्रावधान किया गया है। गुरुस्वामी हरिदास की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह के लिए एक करोड़ और अयोध्या में जिला स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय के लिए भी एक करोड़ की धनराशि रखी गई है। योगी सरकार ने वर्तमान बजट से धार्मिक पर्यटन के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ प्रदीप्त की है।

बजट में महापुरुषों पर भी ध्यान दिया गया है जिसके अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर लखनऊ में स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही हर जिले में 100 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर सरदार पटेल जनपदीय आर्थिक क्षेत्र स्थापित किया जायेगा। संत कबीर के नाम पर 10 वस्त्रोद्योग पार्क तथा संत रविदास के नाम पर दो चर्मोद्योग स्थापित किये जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में उनके सम्मान में नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। लखनऊ स्थित अटारी कृषि प्रक्षेत्र पर 251 करोड़ रु. की लागत से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह के नाम पर सीड पार्क की स्थापना होगी। प्रत्येक कृषि मंडी में माता शबरी के नाम पर कैंटीन और विश्रामालाय स्थापित किये जायेंगे।बजट में युवाओं और छात्राओं को आकर्षित करने के लिए भी प्रावधान किये गये हैं। अब प्रदेश की हर मेधावी छात्रा को स्कूटी दी जायेगी छात्राओं के लिए 400 करोड़ रु. रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना का ऐलान किया गया है। यही नही माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास भी बनेंगे।

प्रदेश के बजट में युवा उद्यमी अभियान के लिए भी 1000 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। संपूर्ण उत्तर प्रदेश के व्यापक विकास का विस्तृत खाका बजट में रखा गया है। बजट के अनुसार अवध में केवल अयोध्या का ही विकास नहीं हो रहा अपितु अवध के हर जिले के विकास की अद्भुत पटकथा लिखी जायेगी। बजट के प्रावधान इस प्रकार से बनाये गये हैं कि एक प्रकार से यह आगामी 25 वर्षों के विकास का रोडमैप प्रस्तुत कर रहा है। उत्तर प्रदेश में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण से तीन तीर्थस्थलों काशी, प्रयागराज व हरिद्वार की यात्रा सरल हो जायेगी। चार नए एक्सप्रेस वे के लिए बजट में 1,050 करोड़ रु. की व्यवस्था कर दी गई है।

गंगा एक्सप्रेस वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जायेगा। इससे इस क्षेत्र के विकास की गति दोगुनी हो जायेगी व धार्मिक पर्यटन और बढ़ेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है। बजट में एमएसएमई, नई तकनीक, एआई व साइबर सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। नए एक्सप्रेस- वे बनने से दूर की यात्रा आसान होगी। नए एक्सप्रेस वे बनने से व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। एआई सिटी बनाने की घोषणा से स्टार्टअप और आईटी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा।प्रदेश का बजट इंफ्रास्टक्चर को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को रोजगारपरक बनाने वाला बजट है। यह बजट राज्य की तकनीकी प्रगति औद्योगिक विकास और स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। प्रदेश के बजट में सड़क राजमार्ग के चौड़ीकरण पर भी पर्याप्त फोकस किया गया है। इसका सर्वाधिक लाभ राजधानी लखनऊ व उसके आसपास के जिलों व कस्बों आदि को मिलेगा। मोहनलालगंज -गोसाईगंज होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे निकल रहा है इसका चौड़ीकरण किया जायेगा। इसी तरह बनी से ही एक रोड हरौनी होते हुए मोहन को निकली है इसे भी दो लेन का किया जायेगा। यह बजट समग्र विकास वाला बजट है। इसमें किसानों, उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक प्रावधान किये गये हैं। बजट में कोरोना काल में अनाथ 1430 बच्चों को आर्थिक सहायता प्रादन करने के लिए 250 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। बजट में सात सरोकारों पर्यावरण संरक्षण ,नारी सशक्तीकरण, जल सरंक्षण, सुशिक्षित समाज, जनसंख्या नियोजन, स्वस्थ समाज, गरीबी उन्मूलन पर भी ध्यान दिया गया है।

गंगा एक्सप्रेस वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जायेगा। इससे इस क्षेत्र के विकास की गति दोगुनी हो जायेगी व धार्मिक पर्यटन और बढ़ेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है। बजट में एमएसएमई, नई तकनीक, एआई व साइबर सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। नए एक्सप्रेस-वे बनने से दूर की यात्रा आसान होगी।

# दिल्ली की 'भाग्य रेखा'

## दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की सरकार



**नई दिल्ली** । दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी की सरकार बन गई है। रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नौवीं और चौथी महिला सीएम के रूप में शपथ ले ली है। इसी के साथ ही दिल्ली की 'भाग्य रेखा' अब रेखा गुप्ता के हाथों में आ गई है। दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता के बाद प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा और पंकज सिंह ने कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली। शपथग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजाथ सिंह समेत सभी बीजेपी शासित और NDA शासित राज्यों के सीएम शामिल हुए। फरवरी 2025 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में रेखा गुप्ता ने दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी की बंदना कुमारी को हराया था। रेखा गुप्ता इस सीट से 29000 से ज्यादा वोटों से जीती थीं।






**रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला सीएम के तौर पर ली शपथ, पीएम मोदी-एनडीए के बड़े नेता रहे मौजूद**

दिल्ली की नई सरकार के शपथग्रहण में मुख्यमंत्री के साथ छह मंत्री भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली है। रेखा गुप्ता की कैबिनेट में प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा, आशीष सूद और पंकज सिंह मंत्री पद की शपथ ली। बीजेपी ने दिल्ली के सीएम पद के लिए महिला और वैश्य फैक्टर को ध्यान में रखा है। मंत्रिमंडल के गठन में पूर्वांचल, पंजाबी, ब्राह्मण और दलित चेहरों को ध्यान में रखा गया है। शपथ से पहले रेखा गुप्ता ने गुरुवार सुबह मीडिया से बातचीत में कहा, 'यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं PM मोदी और पार्टी हाईकमान का शुक्रिया अदा करती हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की CM बनूंगी। मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी। दरअसल दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को भाजपा ने शीशमहल नाम दिया था। अरविंद केजरीवाल ने इसे बनवाया था। भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल ने इसे बनवाने में नियमों को ताक पर रखकर करोड़ों रुपए खर्च किए थे। भाजपा ने इसे चुनावी मुद्दा भी बनाया था।

### बागेश्वर धाम पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का किया डिजिटल शिलान्यास





**खजुराहो/छतरपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में कहा- नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया। इससे पहले धीरेंद्र शास्त्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट किया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी भेंट किया। पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी के दर्शन भी किए। पीएम मोदी ने बताया कि उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री की माता जी की पर्ची निकाली। इसके बारे में धीरेंद्र शास्त्री ने मंच पर कहा कि प्रधानमंत्री जी माता जी से कह रहे थे कि आपके मन में ब्याह की बात चल रही है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमने माता जी के प्रति प्रधानमंत्री मोदी जी का भाव देखा तो प्रण लिया कि प्रधानमंत्री जी की माता जी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाएगा।



## मोदी बोले- मैंने पहली पर्ची निकाली

आज मैं हनुमान दादा के चरणों में आया तो मुझे लगा क्या ये धीरेंद्र शास्त्री अकेले ही पर्ची निकालेंगे या मैं निकाल पाऊंगा। मैंने देखा कि आज हनुमान दादा की मुझ पर कृपा होती है या नहीं होती है, तो हनुमान दादा जी ने मुझे आशीर्वाद दिया और मैंने आज पहली पर्ची निकाली, उनकी माता जी की पर्ची निकाली। जिसकी बात शास्त्री जी ने बता दी। दरअसल, इससे पहले धीरेंद्र शास्त्री ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री से कहा था कि हमारे ब्याह में भले ही आप न आ पाए, लेकिन अस्पताल के उद्घाटन में जरूर आइएगा।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा था कि धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हमने माता जी के प्रति प्रधानमंत्री मोदी जी का भाव देखा तो प्रण लिया कि माननीय प्रधानमंत्री जी की माता जी के नाम से इस अस्पताल में एक वार्ड बनाया जाएगा।

कैंसर से सुरक्षा के लिए सावधान और जागरूक होना पड़ेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि कैंसर से सुरक्षा के लिए आपको भी सावधान और जागरूक होना पड़ेगा। समय से कैंसर की पड़ताल हो। एक बार कैंसर फैल गया तो ठीक करना मुश्किल हो जाता है। थोड़ी सी भी शंका हो तो जांच करानी है। कैंसर किसी को छूने से नहीं होता है। ये छुआछूत की बीमारी नहीं है। कैंसर का खतरा, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, तंबाकू और मसाले से बढ़ता है। इसलिए कैंसर फैलाने वाले इन सब नशे से आपको दूर रहा है। औरों को भी दूर रखना है।

# जल्द तैयार होगा छत्तीसगढ़ का नया विधानसभा भवन

**विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों के साथ किया निरीक्षण, निर्माण कार्यों की ली जानकारी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत कई विधायकों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, रायपुर सांसद सुनील सोनी, दयालदास बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधानसभा भवन के इंफ्रास्ट्रक्चर, सुविधाओं और निर्माण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। संबंधित अधिकारियों ने विधायकों को भवन की संरचना, कार्यालयों की व्यवस्था और बैठक व्यवस्था की विस्तार से जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज हमने विधानसभा भवन के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। नेता प्रतिपक्ष समेत सभी विधायकों से सुझाव मांगे गए हैं। भवन की संरचना और विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई है। हमने यह भी देखा कि विपक्ष के लिए कौन-कौन से कमरे तैयार किए गए हैं। बाकी बचे कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। हम जल्द ही इसके उद्घाटन



के लिए केंद्रीय नेतृत्व से समय माँगेंगे और नवा रायपुर में सभी विधायकों के आवास शिफ्ट करने की योजना भी जल्द पूरी होगी।

### जून-2025 तक है डेडलाइन

*गौरतलब है कि नवा रायपुर के सेक्टर-19 में 217.12 करोड़ की लागत से लगभग 20.78 हेक्टेयर भूमि पर बन रहा नया विधानसभा भवन जून-2025 तक पूर्णरूप से तैयार हो जाएगा। पूरा विधानसभा भवन सौर ऊर्जा से संचालित होगा। नवीन विधानसभा भवन 200 विधायकों की क्षमता के हिसाब से निर्मित किया जा रहा है। यह भवन विधानसभा सचिवालय, तीन मीटिंग हाल, कैंटीन, सेंट्रल हाल, दर्शक दीर्घा, मीडिया लाउंज, एक सभागृह, आर्ट गैलरी, चिकित्सालय, बैंक और पोस्ट आफिस जैसी मूलभूत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।*



### लोकतांत्रिक गरिमाओं के अनुरूप बनाया जा रहा नया विधानसभा भवन- मंत्री चौधरी

इस नए विधानसभा भवन को लोकतांत्रिक गरिमाओं के अनुरूप बनाया जा रहा है। आदरणीय विधानसभा अध्यक्ष जी ने दौरा कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस भवन में कई आधुनिक सुविधाएँ होंगी और इसे पूरे राज्य के प्रतीक के रूप में तैयार किया जा रहा है।

किसान सम्मान समारोह में शामिल हुए सीएम साय,

# पीएम मोदी ने किसानों को जारी किए 599 करोड़ रुपये




**रायपुर.** राजधानी स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कॉलेज में आज किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है. इस कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल हुए. इस अवसर पर सीएम साय ने बताया कि राज्य के 25 लाख 62 हजार से ज्यादा किसानों को 599 करोड़ रुपये की किसान सम्मान राशि दी गई है. प्रधानमंत्री बिहार के भागलपुर में हैं, वहीं उन्होंने बटन दबा के किसानों के खातों में इस राशि को भेजा है. सीएम साय ने कहा कि यह योजना 2019 से शुरू हुई थी और इस साल करीब 2 लाख 75 हजार किसान इस योजना से जुड़े हैं, जबकि 2 लाख 34 हजार किसानों को भी शामिल किया गया है. 32500 पिछड़े जन जाती जो राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाते हैं, उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा। सीएम साय ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश धान का कटोरा है, और राज्य की 80 प्रतिशत जनसंख्या कृषि से जुड़ी हुई है. उन्होंने धान खरीदी के अंतर की राशि एकमुस्त किसानों को देने की बात भी की. इसके अलावा, प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं.

# पीएम मोदी से मिले डॉ रमन सिंह

*छत्तीसगढ़ आने का दिया न्योता, कई मुद्दों पर हुई चर्चा*

**नई दिल्ली ।** नई दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान डॉ. रमन सिंह जी ने प्रधानमंत्री मोदी जी को आदिशक्ति मां बम्लेश्वरी जी का छायाचित्र भेंट किया जिस पर प्रधानमंत्री ने आभार जताया है।

इसके साथ ही डॉ रमन सिंह ने प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश की जानकारी साझा करते हुए प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ आगमन का सादर आमंत्रण दिया है।

प्रधानमंत्री से चर्चा के दौरान राज्य के विकास, जनहित योजनाओं और प्रदेश के समग्र उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक संवाद हुआ। डॉ. रमन सिंह जी ने इस मुलाकात को प्रदेश के लिए हितकारी बताते हुए प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करने वाला बताया ।

### कल अमित शाह से भी डॉ. रमन सिंह ने किए मुलाकात



*बता दे की कल छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात किया था। डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को प्रस्तुत करते हुए अमित शाह जी को माडिया मदिन युगल नृत्य की प्रतिमा भेंट की। इस मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। इनमें राज्य के विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री को छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राज्य में किए जा रहे विकासात्मक प्रयासों की जानकारी भी दी।*

# केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर एवं सर्किल की जेलों के बंदियों को मिला महाकुम्भ स्नान का सौभाग्य

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के सौजन्य एवं सहृदयता से केन्द्रीय जेल अम्बिकापुर सहित सर्किल की अन्य जेलों में जैसे जिला जेल जशपुर, रामानुजगंज, सूरजपुर, बैकुण्ठपुर एवं उप जेल मनेन्द्रगढ़ में निरूद्ध इच्छुक बंदियों को पवित्र महाकुम्भ से लाए गए जल से स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

इस विशेष आयोजन में विधि-विधान के साथ बंदियों ने महाकुम्भ के पवित्र जल से स्नान कर आध्यात्मिक एवं मानसिक शुद्धि का अनुभव किया। जेल में निरूद्ध रहने के बावजूद इस पावन स्नान का अवसर मिलने पर बंदियों ने छत्तीसगढ़ शासन का आभार व्यक्त किया। शासन की यह पहल उनके जीवन में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करेगी तथा समाज की मुख्यधारा में पुन: जुड़ने की प्रेरणा देगी।




बंदियों ने इस आयोजन को अपने जीवन में एक महत्वपूर्ण अवसर मानते हुए प्रतिज्ञा की कि वे भविष्य में अपने पूर्व कृत्यों को सुधारकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाएंगे। जेल प्रशासन द्वारा इस आयोजन हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई।



बंदियों ने इस पुण्य अवसर हेतु छत्तीसगढ़ शासन एवं जेल प्रशासन को साधुवाद देते हुए इस पहल को ऐतिहासिक बताया।

# केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने नक्शा परियोजना का किया वर्चुअल शुभारंभ

## अंबिकापुर में सरगुजा सांसद सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि-अधिकारी भी हुए शामिल

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश के रायसेन से नक्शा परियोजना का शुभारंभ किया।इस परियोजना के तहत अंबिकापुर नगर निगम में ड्रोन सर्वे के माध्यम से शहरी भू-सम्पत्तियों का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे सम्पत्ति विवादों का समाधान तेजी से हो सकेगा।

इस अवसर पर अंबिकापुर के जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक एवं नगर निगम कमिश्नर श्री डी. एन. कश्यप समेत कई अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि इस परियोजना से शहरी क्षेत्र में भूमि प्रबंधन में सुधार होगा और सम्पत्तियों के स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा। उन्होंने यह भी बताया कि ड्रोन तकनीक के जरिए सम्पत्तियों का हवाई सर्वे कर फोटो और वीडियो डेटा एकत्र किए जाएंगे, जिसका उपयोग भविष्य में सरकारी दस्तावेजों और भूमि रिकॉर्ड की सटीकता को बढ़ाने में किया जाएगा।

यह परियोजना देश के 26 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों के 141 जिलों में लागू की जा रही है, और अंबिकापुर, जगदलपुर तथा धमतरी को इसके लिए चुना गया है। इस परियोजना के तहत पहले चरण में अंबिकापुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का ड्रोन सर्वे किया जाएगा, और अगले चरण में आंकड़ों का भौतिक




सत्यापन किया जाएगा।

सरगुजा सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि नक्शा परियोजना के तहत अंबिकापुर नगर निगम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शामिल करना हमारे लिए बड़ी खुशी की बात है। इस डिजिटल तकनीक से भू-राजस्व संबंधी समस्याएं दूर होंगी और ड्रोन के माध्यम से काम करने से अच्छे परिणाम मिलेंगे। इससे भूमि के हर इंच का सही हिसाब मिलेगा, जिससे सभी लोगों को लाभ होगा। अंबिकापुर के शहरी क्षेत्र में सर्वे किया जाएगा और डिजिटल क्रांति की शुरुआत हो गई है। अब हमारे पास हमारी संपत्ति का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। इससे एक ओर जहां भूमि विवादों में कमी आएगी, वहीं अनावश्यक मेहनत और धन की बचत भी होगी।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने सिटी सर्वे अंबिकापुर हेतु नक्शा प्रोजेक्ट के शुभारंभ के अवसर पर



कहा कि यह बहुजन हिताय, बहुजन सुखय प्रोजेक्ट है। सभी के लिए अच्छा है डिजिटाइजेशन बहुत ही महत्वपूर्ण है भू राजस्व को बचाने में सहयोग मिलेगा जिसकी जिम्मेदारी आपकी है इसमें ऑनलाइन रिकॉर्ड रहेगा एवं सभी सुविधाएं प्राप्त होगी।

पार्षद श्री आलोक दुबे ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे शहरी क्षेत्र के भूमि रिकॉर्ड सुरक्षित रहेंगे और सही समय पर डाटा की उपलब्धता से योजनाओं में आसानी होगी।

इस परियोजना के तहत अंबिकापुर नगर निगम के ड्रोन सर्वे से भू-सम्पत्तियों के सही रिकॉर्ड को ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे भविष्य में भूमि संबंधित विवादों को सुलझाना आसान होगा और शहरी विकास की योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर हो सकेगा।

# जिले के नगरीय निकाय निर्वाचन की मतगणना हुआ संपन्न

## नगर निगम अम्बिकापुर से महापौर पद पर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत की जीत

**अम्बिकापुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत हुए चुनाव की मतगणना के परिणाम आज घोषित किए गए इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत ने 11,063 वोटों के अंतर से महापौर पद पर जीत दर्ज की है। अम्बिकापुर नगर निगम के 48 वार्डों में से 31 वार्डों में भाजपा, 15 वार्डों में इंडियन नेशनल कांग्रेस और 2 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी जीत दर्ज की। इसी तरह नगर पंचायत लखनपुर में अध्यक्ष पद की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री साहू ने 717 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। नगर पंचायत सीतापुर में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रेमदान कुजुर ने महज 9 मतों के अंतर से जीत हासिल की। सामान्य प्रेक्षक डॉ संतोष कुमार देवांगन की उपस्थिति में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक ने विजेता अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।



### नगरीय निकाय मतगणना परिणाम

महापौर भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजूषा भगत को 42,836, कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की को 31,773, बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी श्री प्रकाश कुमार किस्पोट्टा 340, आम आदमी पार्टी प्रत्याशी श्री राजीव लकड़ा 251, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रत्याशी श्रीमती माधुरी साडील्य 236, हमर राज पार्टी प्रत्याशी श्री तरुण कुमार भगत 361 और नोटा में 431 मत पड़े।

वार्ड क्रमांक 01 से भाजपा प्रत्याशी श्री कमलेश तिवारी, वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा प्रत्याशी सुशांत घोष, वार्ड क्रमांक 03 से भाजपा प्रत्याशी श्री निरंजन राय, वार्ड क्रमांक 04 से भाजपा प्रत्याशी विनय प्रभा तिग्गा, वार्ड क्रमांक 05 से भाजपा प्रत्याशी डॉ. शिवमंगल सिंह, वार्ड क्रमांक 06 से भाजपा प्रत्याशी श्री आलोक दुबे, वार्ड क्रमांक 07 से भाजपा प्रत्याशी श्री विपिन कुमार पांण्डे, वार्ड क्रमांक 08 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री लुकस एक्का, वार्ड क्रमांक 09 से भाजपा प्रत्याशी श्री रविकांत उरांव, वार्ड क्रमांक 10 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री निमन राशि एक्का, वार्ड क्रमांक 11 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी जे. कुजूर (जेनेबिबा कुजूर), वार्ड क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी श्री मनोज गुप्ता, वार्ड क्रमांक 13 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती किरण दीपक सिंह तोमर, वार्ड क्रमांक 14 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनिता रविन्द्र गुप्त भारती, वार्ड क्रमांक 15 से भाजपा प्रत्याशी श्री मनीष सिंह, वार्ड क्रमांक 16 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती गीता प्रजापति, वार्ड क्रमांक 17 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुमन मनोज कंसारी, वार्ड क्रमांक 18 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती संध्या कंसारी, वार्ड क्रमांक 19 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री शुभम जायसवाल, वार्ड क्रमांक 20 से भाजपा प्रत्याशी श्री हरमिन्दर सिंह टिन्नी, वार्ड क्रमांक 21 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती विमला सोनी, वार्ड क्रमांक 22 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती श्वेता गुप्ता, वार्ड क्रमांक 23 से भाजपा प्रत्याशी श्री जितेंन्द्र

**नगर पंचायत लखनपुर से अध्यक्ष पद हेतु श्रीमती सावित्री साहू विजयी, नगर पंचायत सीतापुर से अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रेमदान कुजुर विजय घोषित**
**उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने महापौर एवं पार्षदों को विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किया**

सोनी, वार्ड क्रमांक 24 से भाजपा प्रत्याशी श्री विजय सोनी, वार्ड क्रमांक 25 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती पूनम विद्यानंद मिश्रा, वार्ड क्रमांक 26 से भाजपा प्रत्याशी श्री विशाल गोस्वामी (दूधनाथ), वार्ड क्रमांक 27 से निर्दलीय श्री शैलेश कुमार सिंह, वार्ड क्रमांक 28 से भाजपा प्रत्याशी श्री दीपक यादव (रिंकू), वार्ड क्रमांक 29 से भाजपा प्रत्याशी श्री विकास पांण्डेय, वार्ड क्रमांक 30 से भाजपा प्रत्याशी श्री शशि कान्त जायसवाल, वार्ड क्रमांक 31 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री कलीम भाई, वार्ड क्रमांक 32 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शुभ्रा सोनी, वार्ड क्रमांक 33 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती मेघा खांडेकर, वार्ड क्रमांक 34 से भाजपा प्रत्याशी श्री राहूल त्रिपाठी सन्नी, वार्ड क्रमांक 35 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सुषमा रोचक गुप्ता, वार्ड क्रमांक 36 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी मो. मेराज रंगरेज गुड्डू, वार्ड क्रमांक 37 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती प्रियंका गुप्ता, वार्ड क्रमांक 38 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री पपीन्दर सिंह (रवि), वार्ड क्रमांक 39 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री शफी अहमद खान, वार्ड क्रमांक 40 से निर्दलीय प्रत्याशी मो. हसन खान, वार्ड क्रमांक 41 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी मो. बाबर, वार्ड क्रमांक 42 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी मो. अख्तर फिरदौसी, वार्ड क्रमांक 43 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ममता तिवारी, वार्ड क्रमांक 44 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू, वार्ड क्रमांक 45 से भाजपा प्रत्याशी श्री अशोक सोनवानी, वार्ड क्रमांक 46 से भाजपा प्रत्याशी श्री सालिम केरकेट्टा, वार्ड क्रमांक 47 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती मीला तिर्की, वार्ड क्रमांक 48 से इंण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी श्री सुभाष कुमार सिंह पार्षद पद के लिए जीत दर्ज की।

### नगर पंचायत सीतापुर में कांग्रेस की जीत

*नगर पंचायत सीतापुर में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रेमदान कुजुर ने 9 मतों के अंतर से जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अमृता पैंकरा को 2,552, कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रेमदान कुजुर को 2,561 और निर्दलीय प्रत्याशी श्री गिरधर राम भगत को 209 प्राप्त हुए। 15 वार्डों में से 7 वार्डों में भाजपा, 4 वार्डों में कांग्रेस और 3 वार्ड में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। बता दें कि 14 वार्ड में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए थे।*

### नगर पंचायत लखनपुर में भाजपा की जीत

*नगर पंचायत लखनपुर में अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सावित्री साहू ने 717 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। भाजपा प्रत्याशी को 2,639, कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शिखा रमेश जायसवाल को 1,922 और निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती अनिशा गुप्ता को 107 प्राप्त हुए। 15 वार्डों में से 10 वार्डों में भाजपा और 5 वार्डों में कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी रहे।*

*‘संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन’*

# छात्रों ने संसदीय बहस, चर्चा और निर्णय लेने की प्रक्रिया को जीवंत तरीके से दर्शाया






**अम्बिकापुर।** स्कूल शिक्षा विभाग एवं संसदीय कार्य मंत्रालय के द्वारा अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था से परिचित कराना और उनमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ को विकसित करना था।

संभाग स्तरीय इस प्रतियोगिता में सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, जशपुर और मनेन्द्रगढ़ जिलों के करीब 350 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सभी छात्रों की सहभागिता सराहनीय रहा, जिसमें प्रथम स्थान पर जिला कोरिया, दूसरे स्थान पर जिला सरगुजा रहा।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने प्रतियोगिता में शामिल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संसदीय कार्यप्रणाली लोकतंत्र की जड़ है। उन्होंने बताया कि देश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वोटिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधियों का चुनाव होता है, जो संसद में पूरे देश के हित में निर्णय लेते हैं। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अहम योगदान रहा है। ऐसे आयोजन आपकी प्रतिभा को निखारना अहम भूमिका निभाते हैं।

प्रतियोगिता में छात्रों को संसदीय कार्यप्रणाली को नाट्य रूप में प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। प्रत्येक टीम को अपनी प्रस्तुति देने के लिए 50 मिनट का समय आवंटित किया गया। 100 अंकों की इस प्रतियोगिता में छात्रों ने पक्ष-विपक्ष भूमिका को निर्वहन करते हुए संसदीय बहस, चर्चा और निर्णय लेने की प्रक्रिया को जीवंत तरीके से दर्शाया।

इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के प्रति समर्पण, आत्म-अनुशासन और विभिन्न विचारों के प्रति सहिष्णुता का पाठ पढ़ाया गया। साथ ही, छात्रों को संसदीय प्रक्रियाओं और चर्चा-बहस की कला से अवगत कराया गया। यह प्रतियोगिता युवाओं को देश की लोकतांत्रिक प्रणाली की बारीकियों को समझने और उसमें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करती है।

इस तरह के आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होते हैं। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक शिक्षा श्री हेमंत उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा श्री अशोक कुमार सिंहा, सहायक संचालक संभागीय कार्यालय श्री विनोद राय, श्री प्रवीण सिन्हा, समग्र शिक्षा से श्री रमेश सिंह, श्री रवि शंकर तिवारी, श्री रवि शंकर पांडेय, श्री संजय सिंह, श्री दिनेश शर्मा सहित श्री संजीव सिंह, श्री सर्वजीत पाठक, श्री श्री सतीश पांडेय अंबिकापुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल कृष्णा दुबे, एबीईओ श्री सतीश तिवारी, बीआरसी संजीव भारती सहित स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सहभागिता की इसमें कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में श्री आशीष दुबे सेवानिवृत्ति सहायक संचालक, श्री दिवाकर शर्मा सेवानिवृत प्राचार्य एवं श्रीमती लीना थॉमस प्राचार्य सेजस सोहगा की भूमिका रही।





# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के वित्तीय अनियमितता में संलिप्त कर्मचारियों पर की गई निलंबन की कार्यवाही

## एफ.आई.आर. दर्ज कराने हेतु दिए गए आदेश

**अम्बिकापुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अम्बिकापुर का सांविधिक निरीक्षण वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 दिनांक 31 मार्च 2024 की स्थिति पर नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा 09 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक बैंक मुख्यालय में नियत था। जिसके दौरान 29 जनवरी 2025 को कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी (बोर्ड) की बैठक में निरीक्षण कर्ता नाबार्ड के अधिकारियों द्वारा बैंक की वित्तीय स्थिति पर कलेक्टर जिला सरगुजा के समक्ष की गई। चर्चा के दौरान निरीक्षण कर्ता अधिकारियों द्वारा नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से बैंक को ''जनपद पंचायत सीईओ, शंकरगढ़, जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अम्बिकापुर शाखा शंकरगढ़ के विरूद्ध शिकायत'' विषयक, प्राप्त ई-मेल 04 सितम्बर 2024 के माध्यम से प्रेषित शिकायत दिनांक 26 अप्रैल 2024 के जांच के तारतम्य में जानकारी देते हुये शाखा शंकरगढ़ एवं शाखा कुसमी में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के उजागर होने की संभावना व्यक्त करते हुए शिकायत पत्र की जांच करवाने हेतु आग्रह किया गया। दिनांक 29 जनवरी 2025 को कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी (बोर्ड) की बैठक में चर्चा उपरान्त इस विषय पर तत्काल निर्णय लेते हुये उक्त शाखाओं में संधारित खातो के वित्तीय समव्यहारो की जांच हेतु जांच दल का गठन करने का निर्णय लिया गया।

इसके पूर्व बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पत्र में उल्लेखित संदिग्ध खातों की जांच हेतु बैंक के समवर्ती आडिटर को पत्र जारी कर फ्लैश अंकेक्षण प्रतिवेदन 05 फरवरी 2025 को प्राप्त किया गया, जिसमें शिकायत पत्र में उल्लेखित खातो में संदिग्ध वित्तीय लेन-देन की राशि रू. 13,14,82,590.00 प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता का उल्लेख अंकेक्षण प्रतिवेदन में किया गया है।

उपरोक्त वित्तीय अनियमितता में कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई है। जिनके विरूद्ध प्रषासनिक कार्यवाही करते हुये बैंक के प्राधिकृत अधिकारी श्री विलास भोसकर द्वारा तत्काल प्रभाव से वर्तमान में कार्यरत बैंक कर्मचारियों को निलंबित करते हुये संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराने हेतु आदेष दिया गया।

जिसमें श्री अशोक कुमार सोनी सहायक मुख्य पर्यवेक्षक बैंक आई.डी.क्रमांक 631 प्रभारी शाखा प्रबंधक शाखा शंकरगढ़, श्री जगदीष प्रसाद सहायक लेखापाल बैंक आई.डी क्रमांक 633 प्रभारी शाखा प्रबंधक शाखा कुसमी, श्री समल साय सेवा निवृत्त सहायक मुख्य पर्यवेक्षक बैंक आई.डी क्रमांक 527 निवासी ग्राम+पोस्ट भगवतपुर कुसमी जिला बलरामपुर, श्री प्रकाष सिंह कम्प्यूटर आपरेटर शाखा कुसमी

इसके पूर्व कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अम्बिकापुर द्वारा सरगुजा संभाग में संचालित बैंक के 6 शाखाओं में उजागर हुये वित्तीय अनियमितताओं की जांच राज्य स्तरीय टीम गठित कर संघन जांच कराये जाने अथवा आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो रायपुर से जांच कराने हेतु सहकारिता सचिव छत्तीसगढ़ शासन नवा रायपुर को पत्र लिखा गया है। पत्र के अनुसार बैंक कर्मचारियों एवं कम्प्यूटर आपरेटर द्वारा समितियों के के.सी.सी. खातों को नामे कर संबंधितों के बचत खाते में राशि स्थानान्तरण कर गबन किया गया है। जिसमें बैंक द्वारा एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है तथा संबंधित कर्मचारियों की सेवायें समाप्त कर दी गई है। जिसमें शाखा रामानुजगंज के श्री शंकर राम भगत तत्कालीन शाखा प्रबंधक, श्री पंकज विश्वास तत्कालीन कम्प्यूटर आपरेटर, श्री विजय उईके तत्कालीन संस्था प्रबंधक,श्री राजेश कुमार पाल, तत्कालीन लिपिक शामिल हैं। इसी प्रकार शाखा राजपुर के कर्मचारियों द्वारा समिति के के.सी.सी. खातों को नामे कर फर्जी तरीके से राशि का समायोजन समितियों के खाद साख सीमा खाते में किया गया, शाखा के श्री एस.एन.जोशी तत्कालीन शाखा प्रबंधक, श्री मनोज शर्मा तत्कालीन समिति प्रबंधक (सेवानिवृत) को बैंक द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा श्री एस.एन.जोशी तत्कालीन शाखा प्रबंधक को निलंबित किया गया है। वहीं बैंक के सी.ए. द्वारा शाखा प्रेमनगर के आडिट के दौरान एफ.डी. एवं बचत खाते की राशि का गलत तरीके से समयोजन कर गबन किया गया, जिसमें शाखा के श्री दीपक सोनी लिपिक एवं श्री राजेश मिश्रा तत्कालीन शाखा प्रबंधक पर कार्यवाही की गई। शाखा भैयाथान में किसानों को गलत तरीके से ऋृण प्रदान कर गबन किया गया है, जिसकी एफ.आई.आर. कराई गई है तथा संबंधित कर्मचारी अजीत सिंह सहकायक मुख्य पर्यवेक्षक के विरूद्ध विभागीय जांच जारी है।

# सूरजपुर जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित...

01-योगेश्वरी लक्ष्मण राजवाड़े-कांग्रेस
02-कलेश्वरी लखन कुर्रे-निर्दलीय
03-नरेंद्र यादव-कांग्रेस
04-किरण केराम-निर्दलीय
05-कुसुम सिंह-भाजपा
06-बाबुलाल मरापो-निर्दलीय
07-अखिलेश प्रताप सिंह-कांग्रेस
08-अनुज राजवाड़े-निर्दलीय
09-नयन विजय सिदार-भाजपा
10-लवकेश पैंकरा-भाजपा
11-वासुदेव मांझी-भाजपा
12-चंदमणि पैंकरा-भाजपा
13-हेमलता राजवाड़े-कांग्रेस
14-रेखा राजलाल राजवाड़े-भाजपा
15-मोनिका सिंह-निर्दलीय

????????

जिला पंचायत में किसकी कितनी सीट

भाजपा-6
कांग्रेस-4
निर्दलीय-5

# प्रथम चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन के परिणाम घोषित

## रिटर्निंग ऑफिसर ने नवनिर्वाचित सदस्यों को विजयी प्रमाण पत्र प्रदाय की

**अम्बिकापुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत प्रथम चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन मतों के गणना की परिणाम घोषणा कर दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत विनय कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को विजयी प्रमाण पत्र प्रदाय की। जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से अभ्यर्थी दिव्या भारत सिंह सिसोदिया को कुल 23009 मत, सरिता पैकरा को 8774 मत प्राप्त हुए, क्षेत्र क्रमांक 02 से अनिता राजवाड़े को 13033 मत, पारस मीरा राजवाड़े को 7705 मत, पायल विश्व विजय तोमर को 14482 मत, एवं श्रीमती प्रभा यादव को 1368 मत, क्षेत्र क्रमांक 3 से अनिमा केरकेट्टा को 13301 मत बॉबी अंकिता लकड़ा को 1380 मत, बुधमेत कुजूर को 1714 मत फुलेश्वरी सिंह को 3237 मत, निर्मल सिंह को 1347 मत, रामाधार सिंह को 578 मत, संजय कुमार सिंह को 1945 मत, सुखराम सिंह को 9196 मत, क्षेत्र क्रमांक 04 से बिहारीलाल तिर्की को 3537 मत, छन्दन लकड़ा को 4155 मत, देवेंन्द्र सिंह मराबी को 6287 मत, मोनिका पैंकरा को 9377 मत, संतोष उइके को 3052 मत, सोमार साय बरवा को 2153 मत, सुधीर केरकेट्टा को 2385 मत, सुरज सिंह को 5355 मत, क्षेत्र





क्रमांक 05 से कामेन्द्र कुमार राजवाड़े को 4989 मत, लीलावती राजवाड़े को 821, मीना राजवाड़े को 3491 मत, रघुवीर प्रसाद सूर्यवंशी को 1107 मत, राहुल राजवाड़े को 2299 मत, राजेश गुप्ता को 1213 मत, शुभलाल राजवाड़े को 467 मत, श्रीमती सुनीता कृष्णा राजवाड़े को 1084 मत, श्री विजय अग्रवाल को 13090 मत, श्री विरेन्द्र सिंह देव को 3821 मत, क्षेत्र क्रमांक 06 से श्रीमती प्रमीला सोनवानी को 6687 मत, राधा रवी को 7470 मत, रजनी रघुवीर सूर्यवंशी को 2178 मत, श्रीमती संतोषी को 1889 मत, वर्षा पप्पू सोनवानी को 6808 मत, क्षेत्र क्रमांक 07 से चिन्तामणी सिंह को 1748 मत, काजल सिंह को 1642 मत, मीना सिंह श्याम को 3394 मत, रैमुनिया करियाम को 8222 मत, सरस्वती को 6084 मत, विजन्ती सिदार को 2909 मत प्राप्त हुए है।

इस प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के क्षेत्र क्रमांक 01 से दिव्या भारत सिंह सिसोदिया 23009 मत, क्षेत्र क्रमांक 02 से पायल विश्व विजय तोमर 14482 मत, क्षेत्र क्रमांक 03 से अनिमा केरकेट्टा 13301 मत, क्षेत्र क्रमांक 04 से मोनिका पैंकरा को 9377 मत, क्षेत्र क्रमांक 05 से श्री विजय अग्रवाल 13090 मत, क्षेत्र क्रमांक 06 से राधा रवी ने 7470 मत एवं क्षेत्र क्रमांक 07 से रैमुनिया करियाम ने 8222 मतों से विजयी प्राप्त किए।

# द्वितीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन परिणाम घोषित

## *रिटर्निंग ऑफिसर ने नवनिर्वाचित सदस्यों को विजयी प्रमाण पत्र प्रदाय किया*

**अम्बिकापुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत द्वितीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन मतों के गणना की परिणाम घोषणा कर दी गई है। रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत श्री विनय कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### द्वितीय चरण में 11 से 14 तक हुए निर्वाचन में



जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से 05 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में थे। जिसमें श्रीमती बालमदिना निराला को कुल 6604 मत, श्रीमती कौशल्या नागवंशी को 3262 मत, श्रीमती लीला खलखो को 1150 मत, श्रीमती पियासो लकड़ा को 8675 मत, श्रीमती शकुन्तला बिन्धेश्वरी पैकरा को 6333 मत प्राप्त हुए,

क्षेत्र क्रमांक 12 से 06 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे थे जिसमें श्री अनिल निराला उरांव को 6004 मत, श्री बिगन तिग्गा को 5791 मत, श्री धनेश्वर को 5661मत, श्री हरि कुमार एक्का को 635 मत, श्री रेवती शंकर नागवंशी को 2513 मत, श्री शिव भरोस बेक सर 6029 मत प्राप्त हुए, क्षेत्र क्रमांक 13 से 08 चुनाव लड़ रहे थे, जिसमें अर्जुन राम को 3127 मत, श्री भगत सिंह पैकरा को 4695 मत, श्री भिनसरीहा खोखसा को 2327 मत श्री देव चंद एक्का को 1375 मत, इंजी. निर्मल कुजूर को 5140 मत, श्री



रमेशंकर को 1706 मत, श्री रंजीत तिग्गा को 381 मत, श्री सेत राम बडा को 3063 मत प्राप्त हुए।

क्षेत्र क्रमांक 14 से 04 अभ्यर्थी चुनाव में लड़ रहे हैं। श्रीमती बसन्ती महन्त को 4757 मत, श्रीमती बिहारो भैंसा रविनाथ को 1139 मत, श्रीमती लहाती पैकरा को 2139 मत, श्रीमती रतनी नाग को 9478 मत प्राप्त हुए।

इस प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के क्षेत्र क्रमांक 11 से श्रीमती पियासो लकड़ा 2071 मत, क्षेत्र क्रमांक 12 से श्री शिव भरोस बेक सर 25 मत, क्षेत्र क्रमांक 13 से इंजी. निर्मल कुजुर 445 मत एवं क्षेत्र क्रमांक 14 से श्रीमती रतनी नाग 4721 मतों से विजय प्राप्त किए हैं।

# तृतीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा

## रिटर्निंग ऑफिसर ने नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रदाय किया विजयी प्रमाण पत्र

**अम्बिकापुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत तृतीय चरण में हुए जिला पंचायत सदस्यों के निर्वाचन मतों के गणना की परिणाम घोषणा कर दी गई है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत श्री विनय कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित सदस्यों को विजयी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### तृतीय चरण में क्षेत्र क्रमांक 08 से 10 तक हुए निर्वाचन में

जिला पंचायत सरगुजा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 से 04 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में थे, जिसमें निरूपा सिंह को 15989 मत, संकुती बाई को 11209 मत, सरस्वती पावले को 5383 मत, शकुन्तला कोरवा को 2287 मत प्राप्त हुए।

जिला पंचायत सरगुजा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 से 12 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे थे। जिसमें बृजमोहन त्रिपाठी को 800 मत, देवानन्द गिरी को 1054 मत,





देवनारायण यादव को 12686 मत, दिलीप कुमार यादव को 578 मत, दिलराज टोप्पो को 1763 मत, गणेश श्रीवास को 1805 मत, गंगा प्रसाद को 9286 मत, पौलुस कुजुर को 2024 मत, राम बचन दास को 560 मत, शैलेश कुमार सिंह बाबा को 5223 मत, सीताराम को 419 मत, उपेंन्द्र गुप्ता को 2015 मत प्राप्त हुए।

जिला पंचायत सरगुजा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 से 06 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में थे जिसमें आशा तिर्की को 9510 मत , नानमणी राजेंन्द्र पैकरा (वकील) को 12710 मत, शशि प्रभा लकड़ा को 4325 मत, शिमला बाई को 4381 मत, सुन्दरी पैकरा को 7857 मत, तरसिला कुजुर को 3886 मत प्राप्त हुए हैं।

इस प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के क्षेत्र क्रमांक 08 से श्रीमती निरूपा सिंह 4780 मत, क्षेत्र क्रमांक 09 से श्री देव नारायण यादव 3400 मत, क्षेत्र क्रमांक 10 से नानमणी राजेंद्र पैंकरा 3200 मतों से विजय प्राप्त किए हैं।

समयबद्ध एवं गुणवात्तापूर्ण आवास निर्माण कराने के दिये निर्देश

# अवैध खनन के विरुद्ध करें कार्रवाईः-कलेक्टर

## आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिले नियमित पोषण आहार





**बलरामपुर।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी प्रकरण समय-सीमा से बाहर लंबित न रहे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व संबंधी कार्यों का संपादन भी सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय में करने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने दायित्वों के प्रति सजगता तथा संवेदनशीलता के साथ राजस्व संबंधी कार्यों में प्रगति लाएं। उन्होंने जनचौपाल एवं जन शिकायत निवारण, पीजी पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण के संबंध में भी अवगत करायें। बैठक में कलेक्टर श्री कटारा ने विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा कर शीघ्रता से पूर्ण करने को कहा।

उन्होंने ग्रामीण अंतर्गत प्रगतिरत आवासों की समीक्षा कर स्वीकृत सभी आवासों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रो में नियमित रूप से बच्चों को गर्म व पौष्टिक आहार मिले यह सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, बच्चों व गर्भवती माताओं को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने संबंधित क्षेत्र के आंगनबाड़ियों का निरीक्षण करने को कहा।

कलेक्टर श्री कटारा ने अवैध खनन पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त फर्मों एवं लोगों के विरूद्ध आवश्यक रूप से कार्यवाही करें। उन्होंने जांच कर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर क्रेशर प्लांट सील करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जांच में सभी वाहनों में बिना पीटपास के खनिज परिवहन करने के कारण अवैध खनिज परिवहन पर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, श्री प्रमोद गुप्ता, सर्व अनुविभागीय अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

अवैध खनन एवं परिवहन पर कड़ी कार्यवाही करने के दिये निर्देश

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए आमजनों करें जागरूकः-कलेक्टर कटारा



**बलरामपुर।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति, पंचायत चुनाव की तैयारियों, बाल विवाह रोकथाम, कुपोषण उन्मूलन और अवैध खनन व परिवहन की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने और प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रथम चरण के पंचायत चुनावों की समीक्षा करते हुए दूसरे और तीसरे चरण में होने वाले पंचायत चुनाव की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मतदान सामग्री के वितरण, मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक प्रपत्रों को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री कटारा ने जिले में बाल विवाह रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों और कार्रवाइयों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि किसी भी क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना मिले तो तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बाल विवाह के



दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाए। कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि कानूनी अपराध भी है और इसके आयोजन में शामिल परिजनों पर भी कार्रवाई हो सकती है।

कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्रों (एनआरसी) के संचालन की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनकी भर्ती सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के परिजनों को पोषण के प्रति जागरूक करें और कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजने के लिए समझाइश दें ताकि उन्हें सामान्य रूप से आवश्यक पोषक देकर सुपोषित किया जा सके। कलेक्टर ने जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिलनी चाहिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित मीनू के अनुरूप पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि वे क्षेत्र का नियमित निरीक्षण करें और सतत निगरानी रखते हुए अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों में लंबित शिकायतों और प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर जनसमस्याओं के समाधान करने को कहा।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर श्री आर.एस.लाल, संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, श्री प्रमोद गुप्ता, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिले के 02 नगरपालिका एवं 03 नगर पंचायत में मतगणना सम्पन्न

## नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम घोषित






**बलरामपुर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी के अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए मतगणना का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतगणना पश्चात् संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई। ज्ञातव्य है कि नगर पालिका परिषद बलरामपुर एवं रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी के लिए 11 फरवरी 2025 को मतदान हुआ था तथा नगर पालिका परिषद बलरामपुर के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय बलरामपुर, नगर पालिका परिषद रामानुजगंज के लिए तहसील कार्यालय रामानुजगंज, नगर पंचायत कुसमी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी, राजपुर के लिए शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर तथा वाड्रफनगर के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय वाड्रफनगर को स्ट्रांग रूम बनाया गया था। बलरामपुर में प्रेक्षक श्री लोकेश कुमार, अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री आर.एस.लाल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम बलरामपुर श्री अमित श्रीवास्तव एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया तथा मतगणना कि प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसी प्रकार नगरपालिका रामानुजगंज तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर, राजपुर एवं कुसमी में रिटर्निंग अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोलकर मतगणना प्रारंभ किया गया।

**अध्यक्ष-** मतगणना में नगर पालिका परिषद बलरामपुर में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री लोधीराम एक्का बहुमत से विजयी हुए। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री रमन अग्रवाल, नगर पंचायत वाड्रफनगर के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री मानसिंह, नगर पंचायत राजपुर के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी श्री धरम सिंह तथा नगर पंचायत कुसमी के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के श्री राजेन्द्र भगत बहुमत से विजयी हुए।

**पार्षद-** नगर पालिका परिषद् बलरामपुर में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्री सेवक राम, वार्ड क्रमांक-2 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती बिरजिनिया केरकेट्टा, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्री संदीप एक्का, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्री दिलीप सोनी, वार्ड क्रमांक-5 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रीना मसीह, वार्ड क्रमांक-6 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती रिमी चौरसिया, वार्ड क्रमांक-8 से भाजपा प्रत्याशी श्री योगेश गुप्ता, वार्ड क्रमांक-9 से भाजपा प्रत्याशी श्री शिवा राम, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्री प्रवीण गुप्ता, वार्ड क्रमांक-11 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती शकिना परवीन, वार्ड क्रमांक-12 से निर्दलीय प्रत्याशी श्री अमित गुप्ता, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती सरोज लकड़ा, वार्ड क्रमांक-14 से भाजपा प्रत्याशी श्री गौतम सिंह तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी श्री राकेश सिंह बहुमत से विजयी हुए। नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्री सुमित गुप्ता, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा प्रत्याशी श्री सुरेश दास पुरी, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्री अरुण नागवंशी, वार्ड क्रमांक-4 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री प्रतीक सिंह, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी श्री विजय रावत, वार्ड क्रमांक-6 से भाजपा प्रत्याशी श्री विकास गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी श्री अर्जुन दास, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रूपवंती जायसवाल, वार्ड क्रमांक-9 से भाजपा प्रत्याशी श्री रमेश गुप्ता, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्री पवन कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनिषी गुप्ता, वार्ड क्रमांक-12 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शीला जायसवाल, वार्ड क्रमांक-13 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पुष्पा दशरथ ठाकुर, वार्ड क्रमांक-14 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ऊषा गुप्ता तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी श्री सिद्धांत यादव बहुमत से विजयी हुए। नगर पंचायत वाड्रफनगर में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती नुजहत अब्दुल अंसारी, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा के प्रत्याशी श्री हिर्षिकेश यादव, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शारदा भगत, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कैनात रूही अब्दुल, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी श्री रामकुमार कुशवाहा, वार्ड क्रमांक-6 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूनम सिंह, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी श्री विकास कुमार श्रीवास, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती साक्षी हिमांशु जायसवाल, वार्ड क्रमांक-9 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री विकास भारती, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्री चंदन कुशवाहा, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती चन्द्रावती आयाम, वार्ड क्रमांक-12 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री बसंतलाल धुर्वे, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी श्री पंकज कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री राजेन्द्र कुशवाहा तथा वार्ड क्रमांक-15 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री शिवमंगल आयाम बहुमत से विजयी हुए। नगर पंचायत राजपुर में वार्ड क्रमांक-1 से निर्दलीय प्रत्याशी श्री सुंदरसाय पोर्ते, वार्ड क्रमांक-2 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती आरती देवी, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्री जवाहर लाल पैकरा, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती निर्मला शर्मा, वार्ड क्रमांक-5 से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती नेहा चौबे, वार्ड क्रमांक-6 से निर्दलीय प्रत्याशी विश्वास कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-7 से भाजपा प्रत्याशी श्री महेन्द्र कुमार गुप्ता, वार्ड क्रमांक-8 से भाजपा प्रत्याशी श्री संजय सिंह, वार्ड क्रमांक-9 से निर्दलीय प्रत्याशी श्री राजन त्रिपाठी, वार्ड क्रमांक-10 भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजू बंसल, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती दीप कुमारी पैकरा, वार्ड क्रमांक-12 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अंजू भगत, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी श्री सुनील अग्रवाल, वार्ड क्रमांक-14 से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कुमार भारती तथा वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी भगवती भगत बहुमत से विजयी हुए। नगर पंचायत कुसमी में वार्ड क्रमांक-1 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती हिरामनि बाई, वार्ड क्रमांक-2 से भाजपा प्रत्याशी श्री अजय सिंह, वार्ड क्रमांक-3 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अंजू सिन्हा, वार्ड क्रमांक-4 से भाजपा प्रत्याशी श्री लरंगसाय उरांव, वार्ड क्रमांक-5 से भाजपा प्रत्याशी श्री पारसनाथ पाल, वार्ड क्रमांक-6 से कांग्रेस प्रत्याशी श्री अमरनाथ, वार्ड क्रमांक-7 से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी श्री सकील अंसारी, वार्ड क्रमांक-8 से कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद वाहिद अली, वार्ड क्रमांक-9 से कांग्रेस की प्रत्याशी शना सैफी, वार्ड क्रमांक-10 से भाजपा प्रत्याशी आनन्द जायसवाल, वार्ड क्रमांक-11 से भाजपा प्रत्याशी श्री बृज किशोर राम, वार्ड क्रमांक-12 से कांग्रेस प्रत्याशी विनिता टोप्पो, वार्ड क्रमांक-13 से भाजपा प्रत्याशी संतोष कुमार, वार्ड क्रमांक-14 से निर्दलिय प्रत्याशी सुशीला लकड़ा, वार्ड क्रमांक-15 से भाजपा प्रत्याशी श्री किरता राम बहुमत से विजयी हुए।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र







**बलरामपुर** । त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में जनपद पंचायत राजपुर, कुसमी एवं शंकरगढ़ में 17 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। जिसके तहत जिला पंचायत सदस्य हेतु हुए मतदान के लिए आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ व रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की उपस्थिति में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के द्वारा नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

पहले चरण में हुए जिला पंचायत सदस्य के मतगणना में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-09 से निर्वाचित सदस्य कुमारी संजीता, क्षेत्र क्रमांक-10 से निर्वाचित सदस्य श्रीमती हिरामुनी निकुंज, क्षेत्र क्रमांक-11 से निर्वाचित सदस्य श्रीमती गीता पैकरा, क्षेत्र क्रमांक-12 से निर्वाचित सदस्य श्री सिद्धनाथ पैकरा, क्षेत्र क्रमांक-13 से निर्वाचित सदस्य श्री रविप्रताप मरावी तथा क्षेत्र क्रमांक-14 से निर्वाचित सदस्य श्रीमती अनार सिंह को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती तोमर, ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी है।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, उप संचालक पंचायत सुश्री स्टेला खलखो, मास्टर ट्रेनर व प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय बलरामपुर प्रो. एन.के. देवांगन, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-अधिकारी सहित सहित प्रत्याशी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025

# दूसरे चरण में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र





**बलरामपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में जनपद पंचायत बलरामपुर में 20 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। जिसके तहत जिला पंचायत सदस्य हेतु हुए मतदान के लिए आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ व रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की उपस्थिति में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के द्वारा नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

दूसरे चरण में हुए जिला पंचायत सदस्य के मतगणना में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-07 से निर्वाचित सदस्य श्रीमती अनिता मरकाम एवं क्षेत्र क्रमांक-08 से निर्वाचित सदस्य श्री धीरज सिंहदेव को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती तोमर ने दोनों नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी है।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री आर. एन. पाण्डेय, उप संचालक पंचायत सुश्री स्टेला खलखो, मास्टर ट्रेनर व प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय बलरामपुर प्रो. एन.के. देवांगन, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-अधिकारी सहित सहित प्रत्याशी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

# तीसरे चरण के मतदान में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को दिया गया प्रमाण पत्र




**बलरामपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण में जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर एवं वाड्रफनगर में 23 फरवरी को मतदान संपन्न हुआ। जिसके तहत जिला पंचायत सदस्य हेतु हुए मतदान के लिए आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की उपस्थिति में सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के द्वारा नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

तीसरे चरण में हुए जिला पंचायत सदस्य के मतगणना में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-01 से निर्वाचित सदस्य अनुसुइया वर्मा, क्षेत्र क्रमांक-2 से निर्वाचित सदस्य बेला कुशवाहा, क्षेत्र क्रमांक-03 से निर्वाचित सदस्य रामप्रताप सिंह, क्षेत्र क्रमांक-04 से निर्वाचित सदस्य साधना संतोष यादव, क्षेत्र क्रमांक-05 से निर्वाचित सदस्य मुन्शी राम तथा क्षेत्र क्रमांक-06 से निर्वाचित सदस्य बद्री यादव को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती तोमर ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, उप संचालक पंचायत सुश्री स्टेला खलखो, सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री ललित कुमार ध्वरडे, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-अधिकारी सहित सहित प्रत्याशी एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

## नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सुव्यवस्थित कार्यालय संचालन के संबंध में आवश्यक बैठक किया गया आयोजित



**सूरजपुर।** नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती वर्मा द्वारा कार्यालयीन समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुव्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य समयसीमा के भीतर सम्पन्न करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान परीक्षा, क्रीड़ा, रेडक्रॉस, बजट, पेंशन, इको क्लब, निर्माण, शाला जतन योजना, सरस्वती निःशुल्क सायकल योजना, छात्रवृत्ति, शिक्षा का अधिकार निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं सूचना का अधिकार से सम्बंधित समस्त बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्यों का निराकरण तत्काल करते हुए शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती लता बेक सहायक संचालक (योजना), श्री शरदेन्दु कुमार शुक्ल सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, श्रीमती आमा तिर्की एम.आई.एस. प्रशासक, श्री आरएन. पटेल, श्री त्रिपुरारी सिंह, श्री मुकेश सिन्हा, श्री आशीष सहाय, श्री योगेन्द्र यादव, श्री अमित पड़वार समेत समस्त कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित थे।

## पीएम किसान योजना की 19 वीं किशत जारी



**सूरजपुर।** जिले में पीएम किसान योजना के 19 वीं राशि जारी की गई जिसमें जिले के 106255 कृषकों को 22 करोड़ 60 लाख राशि सिधे कृषकों के बैंक खाते में अंतरण कर लाभान्वित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र अजिमा अम्बिकापुर जिसमें सरगुजा सांसद श्री चिंतामणी महाराज एवं सभी छः विकासखण्डों में कृषि विभाग, सहकारी समितियो, ग्राम स्तर पर संयुक्त रूप से कृषक एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में पीएम किसान सम्मान समारोह के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही ग्राम स्तर पर ग्राम नोडल अधिकारियों द्वारा भी बेब लिंक से जोड़कर कृषकों को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उदबोधन कार्यक्रम में कृषकों को जोड़कर उत्सव दिवस मनाया गया जिसमें मैदानी अधिकारी /कर्मचारियो अमलो का अहम सहयोग रहा।





# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 के अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में आज विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। नेशनल साइंस डे 2025 का आयोजन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर और डिपार्मेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच. एन. दुबे के निर्देशन में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर में पदस्थ डॉ. जे.के. राय, साइंटिस्ट ए मैडम द्वारा संपूर्ण दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। आज के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों विद्यार्थियों का रिटन टेस्ट जिसमें कुल 25 प्रश्न दिए गए थे इस आधार पर शीर्ष 12 विद्यार्थियों का चयन कर तीन-तीन विद्यार्थियों की चार टीम में बनाकर मंच पर प्रश्नोत्तरी आयोजित किए गए। कुल पांच चरणों में प्रश्नोत्तरी में प्रश्न पूछे गए, सभी टीमों ने अपने जवाब दिए, साथ ही दर्शक दीर्घा में बैठे विद्यार्थियों से भी अनेक प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने बहुत ही रुचि के साथ इसमें भाग लिया, सभी विद्यार्थी लाभान्वित हुए। रिटन टेस्ट में कुल 86 विद्यार्थियों ने भाग लिया। ने विज्ञान के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित करने हेतु पोस्टर बनाया। कुल 56 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के




अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को विज्ञान के विकास, प्रचार एवं प्रसार के लिए तैयार होने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का आयोजन, विश्व स्तर पर भारत के युवाओं को विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु प्रेरित करने के लिए किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा (कोऑर्डिनेटर) श्री टी. आर. राहंगडाले द्वारा तैयार की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक सुश्री प्रतिभा कश्यप, डॉ. रश्मि पांडेय, श्री सी.बी. मिश्र, डॉ. विकेश कुमार झा, डॉ. चंदन कुमार, श्री अनिल चक्रधारी, श्री दीपचंद इक्का, डॉ. सलीम किस्पोट्टा, श्री बुधलाल साहू, डॉ. सुप्रिया तिवारी, दिव्या आदित्य सिन्हा, साधना भगत, प्रांजना साहू एवं पूर्णिमा राजवाड़े द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 19 वीं किस्त जारी

## 6 करोड़ 23 लाख रुपये 31269 किसानों के खाते में





**एमसीबी।** आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 19वीं किस्त जारी की गयी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किस्त की राशि जिले के कृषकों के समक्ष वेबकास्ट के माध्यम से प्रसारण किया गया। इस किस्त में किसानों को 2000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से जमा की जा रही है। इस योजना के तहत किसानों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जो कि तीन किस्तों में दी जाती है। यह योजना छोटे और सीमांत किसानों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई थी। जिले के 31269 किसानों के खाते में 6 करोड़ 23 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। हालांकि जिन किसानों ने ई-केवाईसी और आधार लिंक सहित अन्य औपचारिकता पूरा नहीं की है उनकी किस्त अटकने की आशंका है।

इस दौरान उप संचालक कृषि लाल सिंह आर्मो, अनुविभागीय कृषि अधिकारी धर्मेंद्र कुर्रे, वरिष्ठ कृषि अधिकारी रवि गुप्ता एवं कृषि विस्तार अधिकारी विकास चौरसिया सहित जिले कृषक उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत संपन्न हुई मतगणना

## विजयी उम्मीदवारों की सूची जारी









**सूरजपुर।** आज नगरीय निकाय चुनाव 2025 अंतर्गत 11 फरवरी को हुए चुनाव के पश्चात् हुए आज मतगणना कर परिणाम घोषित कर दिया गया है। गौरतलब है कि इस निर्वाचन अंतर्गत जिले के 05 नगरीय निकायों सूरजपुर, बिश्रामपुर, भटगांव, जरही एवं प्रतापपुर में अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए चुनाव हुए थे। अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में सूरजपुर नगर पालिका से कुसुमलता राजवाड़े (इंडियन नेशनल कांग्रेस), बिश्रामपुर से निर्मला यादव (भारतीय जनता पार्टी.) भटगांव से परमेश्वरी राजवाड़े (भारतीय जनता पार्टी.), जरही से पूरन राम राजवाड़े (भारतीय जनता पार्टी.).एवं प्रतापपुर से श्रीमती मानती (भारतीय जनता पार्टी.) विजयी रहे।

नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत हुए चुनाव के परिणाम को लेकर जारी अंतिम आकड़ों के अनुसार जानकारी इस तरह से है:-

सूरजपुर नगरपालिका के अध्यक्ष पद पर कुसुमलता राजवाड़े (इंडियन नेशनल कांग्रेस) विजयी रहीं। अध्यक्ष के अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या - देवन्ती थलेश्वर साहू (भारतीय जनता पार्टी) 6432, कुसुमलता राजवाड़े (इंडियन नेशनल कांग्रेस) 6456,

वार्ड क्रमांक 01 से श्रीमती ललिता अजय सिंह भारतीय जनता पार्टी विजयी रहीं। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या इस प्रकार है - श्रीमती ललिता अजय सिंह भारतीय जनता पार्टी 461, श्रीमती सिमा बलेन्द्र सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस 191, श्रीमती राजमती सिंह, निर्दलीय 206

वार्ड क्रमांक 02 से श्री पारसनाथ राजवाड़े, इंडियन नेशनल कांग्रेस विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री बजरंग राजवाड़े, भारतीय जनता पार्टी 416, श्री पारसनाथ राजवाड़े, इंडियन नेशनल कांग्रेस 497,

वार्ड क्रमांक 03 से श्री मुकेश गर्ग, भारतीय जनता पार्टी विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री विरेन्द्र बंसल बंटी, इंडियन नेशनल कांग्रेस 185, श्री मुकेश गर्ग, भारतीय जनता पार्टी 396, श्री चंचलेश श्रीवास्तव, निर्दलीय 57

वार्ड क्रमांक 04 से श्री प्यारेलाल साहु, भारतीय जनता पार्टी, विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री गिरधारी साहु, इंडियन नेशनल कांग्रेस 128, श्री प्यारेलाल साहु, भारतीय जनता पार्टी 293, श्री गजानन्द जायसवाल गज्जू, निर्दलीय 131,

वार्ड क्रमांक 05 से श्री प्रसान्त कुमार साहु, इंडियन नेशनल कांग्रेस, विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री प्रसान्त कुमार साहु, इंडियन नेशनल कांग्रेस 338, रमीज रजा, आम आदमी पार्टी 23, श्री संदीप कुमार जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी 258, श्री देवदत्त साहु, निर्दलीय 14, श्री जीशान अहमद, निर्दलीय 81, श्री शक्ति ठाकुर निर्दलीय 166,

वार्ड क्रमांक 06 से श्री शैलेश अग्रवाल शैलू, भारतीय जनता पार्टी विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री संजय डोसी, इंडियन नेशनल कांग्रेस 308, श्री शैलेश अग्रवाल शैलू, भारतीय जनता पार्टी 392,

वार्ड क्रमांक 07 से श्री गैबीनाथ साहु, इंडियन नेशनल कांग्रेस विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री गैबीनाथ साहु, इंडियन नेशनल कांग्रेस 542, श्रीमती सरोज राकेश साहु, भारतीय जनता पार्टी 187,

वार्ड क्रमांक 08 से श्री पंकज चौबे, भारतीय जनता पार्टी, विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री अनवर खान, इंडियन नेशनल कांग्रेस 271, श्री पंकज चौबे, भारतीय जनता पार्टी 344, पल्लवी, निर्दलीय 21,

वार्ड क्रमांक 09 से श्री राम सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस, विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्रीमती कौशल्या सिंह, भारतीय जनता पार्टी 268, श्री राम सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस 300, श्री अनुराग सिंह, निर्दलीय 39,

वार्ड क्रमांक 10 से श्रीमती राधामुनी सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस विजयी रही। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्रीमती किरण खेस, भारतीय जनता पार्टी 343, श्रीमती राधामुनी सिंह, इंडियन नेशनल कांग्रेस 481,

वार्ड क्रमांक 11 से श्रीमती कंचन संजू सोनी, भारतीय जनता पार्टी, विजयी रही। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्रीमती कंचन संजू सोनी, भारतीय जनता पार्टी 292, श्रीमती शशि शंकर अग्रवाल, इंडियन नेशनल कांग्रेस 282,

वार्ड क्रमांक 12 से श्रीमती मंजूलता गोयल, इंडियन नेशनल कांग्रेस विजयी रही। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्रीमती ललिता तिवारी, भारतीय जनता पार्टी 157, श्रीमती मंजूलता गोयल, इंडियन नेशनल कांग्रेस 600,

वार्ड क्रमांक 13 से श्रीमती पुष्पलता पवन साहू, निर्दलीय विजयी रही। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्रीमती अंजली किशन देवांगन, भारतीय जनता पार्टी 225, क्रांति, इंडियन नेशनल कांग्रेस 286, श्रीमती पुष्पलता पवन साहू, निर्दलीय 333,

वार्ड क्रमांक 14 से श्री राजेश साहु, भारतीय जनता पार्टी विजयी रहे। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्री लोकेश गोस्वामी, आम आदमी पार्टी 32, श्री राजेश साहु, भारतीय जनता पार्टी 321, श्री सैयद सलीम जावेद, इंडियन नेशनल कांग्रेस 90, मो0 इफरोज खान, निर्दलीय 13, श्री पुष्पेन्द्र कुमार साहु, निर्दलीय 61, श्रीमती सुशीला सिंह, निर्दलीय 95,

वार्ड क्रमांक 15 से श्रीमती पिंकी साहू विजयी रही। इस वार्ड अंतर्गत अभ्यर्थियों का प्राप्त मतों की संख्या - श्रीमती कामिनी साहू, इंडियन नेशनल कांग्रेस 69, श्रीमती सुनिता सुरेन्द्र देवांगन, भारतीय जनता पार्टी 123, श्रीमती अनिता सिंह, निर्दलीय 36, श्रीमती ज्योति देवांगन, निर्दलीय 148, श्रीमती लाजवंती भोले साहु, निर्दलीय 68, श्रीमती पिंकी साहू 158

वार्ड क्रमांक 16 से श्री प्रमोद तायल, भारतीय जनता पार्टी, विजयी रहे।

# जिले के सभी नगरीय निकायों की मतगणना सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से हुआ संपन्न

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई मतगणना की चाकचौबंद व्यवस्था

### निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक की निगरानी में हुई मतगणना कार्य सम्पन्न

### विजयी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर ने प्रदान किए प्रमाण पत्र

**एमसीबी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. वेंकट राहुल के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एमसीबी जिले के सभी नगरीय निकाय चुनाव के तहत 11 फरवरी को हुए मतदान की मतगणना की प्रक्रिया सुव्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना स्थलों में संपन्न हुई। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय में नियुक्त प्रेक्षकगणों ने मतगणना कार्य को अपनी निगरानी में संपन्न कराया। निर्वाचन के परिणामों की घोषणा के उपरांत विजयी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसरों ने प्रमाण पत्र प्रदान किया।

वहीं मतगणना कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए जिला अधिकारी, पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, मतगणना कार्मिकों और सुरक्षा कार्मिकों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा की प्रतिमा यादव ने विजय हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस प्रत्याशी प्रभा पटेल को पराजित कर जीत दर्ज की। रिटर्निंग ऑफिसर ने उन्हें विजयी घोषित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किया। इसी तरह नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की 22 वार्डों





की पार्षदों की गणना की गई जिसमें से 10 पार्षद भाजपा से, 09 पार्षद कांग्रेस से और 03 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की।

वहीं दूरांचल क्षेत्र की नगर पंचायत जनकपुर में भाजपा प्रत्याशी कौशल पटेल ने जीत दर्ज की। जनकपुर की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 11 पार्षद भाजपा से, 02 पार्षद कांग्रेस से और 02 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की। वहीं झगराखांड नगर पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी रीमा रमेश यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी चम्पा जयसवाल को हराकर विजय प्राप्त की। झगराखांड की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 09 पार्षद भाजपा से, 05 पार्षद कांग्रेस से और 01 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की इसके साथ ही नई लेदरी नगर पंचायत से भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह राणा ने अपने प्रतिद्वंद्वी विष्णु दास पनिका को पराजित कर जीत दर्ज की। नई लेदरी की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 07 पार्षद भाजपा से, 05 पार्षद कांग्रेस से और 03 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की। वहीं कोयलांचल क्षेत्र की नगर पंचायत खोंगापानी से कांग्रेस प्रत्याशी ललिता रामा यादव ने अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी वंदना लोहार को पराजित कर विजय हासिल की। खोगापानी की 15 वार्डों की पार्षदों की गणना में 10 पार्षद भाजपा से, 03 पार्षद कांग्रेस से और 02 निर्दलीय पार्षदों ने जीत दर्ज की।

नगरीय निकाय निर्वाचन

# पटना नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए गायत्री सिंह हुई निर्वाचित

## 8 वार्डों में कांग्रेस, 5 पर भाजपा और 2 पर निर्दलीय की जीत

**कोरिया** । नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कोरिया जिले की नगर पंचायत पटना के चुनाव का परिणाम सुबह करीब साढ़े दस बजे आ गया। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गायत्री सिंह को 1293, श्रद्धा प्रकाश पांडेय को 861, पिंकी अखिलेश गुप्ता को 205, रैशुन कुरैशी को 1184, उमा सत्यव्रत पांडेय को 77 मत प्राप्त हुए जबकि नोटा में 13 मत पड़े।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 1 से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेन्द्र कुमार, वार्ड क्रमांक 2 से भाजपा प्रत्याशी अहिबरन सिंह, वार्ड क्रमांक 3 से भाजपा प्रत्याशी निर्मला पोया, वार्ड क्रमांक 4 से कांग्रेस प्रत्याशी परेष कुमार सिंह, वार्ड क्रमांक 5 से कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर साय घसिया, वार्ड क्रमांक 6 से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार सोनी, वार्ड क्रमांक 7 से भाजपा प्रत्याशी प्रमिला सिंह, वार्ड क्रमांक 8 से निर्दलीय प्रत्याशी गौरव अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 9 से कांग्रेस प्रत्याशी वसीम खान, वार्ड क्रमांक 10 से भाजपा प्रत्याशी निर्मला देवांगन, वार्ड क्रमांक 11 से निर्दलीय प्रत्याशी अमित कुमार सिंह, वार्ड



क्रमांक 12 से भाजपा प्रत्याशी रेखा वर्मा, वार्ड क्रमांक 13 से कांग्रेस प्रत्याशी मो. वसीम खान, वार्ड क्रमांक 14 से कांग्रेस प्रत्याशी रूचि सुजीत सोनी तथा वार्ड क्रमांक 15 से कांग्रेस प्रत्याशी सौरभ कुमार सिंह विजयी रहे। बता दे वार्ड क्रमांक 14 में भाजपा प्रत्याशी पुनम वर्मा एवं कांग्रेस प्रत्याशी रुचि सुजीत सोनी को 114-114 मत प्राप्त होने पर रिटर्निंग अधिकारी श्री उमेश पटेल द्वारा दोनो प्रत्याशियों की उपस्थिति में लाट पद्धति अपनाई गई, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी रुचि सुजीत सोनी की जीत हुई।



मतगणना स्थल पर सुबह से चुनाव पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पाण्डेय गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डी.डी मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल, एसडीएस श्रीमती दीपिका नेताम सहित बडी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पंचायत के रिटर्निंग आफिसर श्री उमेश पटेल ने अध्यक्ष सहित सभी 15 वार्डों के विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद देखने को मिली।

# परीक्षा से पहले तनावमुक्त रहने के लिए पीएम मोदी के खास टिप्स

## कोरिया जिले में परीक्षा पे चर्चा 2025 का सफल आयोजन

**कोरिया।** परीक्षा के दौरान छात्रों में बढ़ते तनाव को कम करने और उन्हें आत्मविश्वास से भरने के उद्देश्य से परीक्षा पे चर्चा 2025 का आयोजन किया गया।

शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के 274 माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के 22,377 छात्र-छात्राओं, 1,366 शिक्षकों, 17,316 अभिभावकों और 292 अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा से पहले तनाव को कम करने, पढ़ाई को मजेदार बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए, जिन्हें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बड़ी उत्सुकता से सुना।




### प्रधानमंत्री मोदी के खास टिप्स

परीक्षा की तैयारी को बेहतर और तनावमुक्त बनाने के लिए पीएम मोदी ने महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए। हर किसी के पास 24 घंटे होते हैं, लेकिन उनका सही उपयोग करना सफलता की कुंजी है। क्रिकेट और अन्य खेलों से टीम वर्क, धैर्य और लक्ष्य निर्धारण की प्रेरणा लें। डिजिटल साधनों को पढ़ाई में सहायक बनाएं, लेकिन सतर्क रहें। दिमाग को तरोताजा रखने के लिए रचनात्मक गतिविधियों में भाग लें। परीक्षा को एक अवसर के रूप में देखें, भय को खुद पर हावी न होने दें।यदि किसी विषय में अपेक्षित परिणाम न मिले तो हार न मानें, बल्कि उसे सुधारने की कोशिश करें। सूर्य स्नान, गहरी सांस लेने की तकनीक और संतुलित आहार से ऊर्जा बनाए रखें। सही और सटीक उत्तर देने की आदत विकसित करें।परीक्षा के दौरान माता-पिता और शिक्षकों को बच्चों का सहयोगी बनना चाहिए, न कि उन पर दबाव डालना चाहिए।



### बैकुंठपुर में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में किया गया, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी श्री जितेंद्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक श्री प्रकाश तिवारी, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

### छात्रों और शिक्षकों ने दी सकारात्मक प्रतिक्रिया

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने कहा कि पीएम मोदी के सुझावों से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अब परीक्षा को तनाव के बजाय एक रोमांचक चुनौती के रूप में देखेंगे। शिक्षकों और अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे न केवल छात्रों को बल्कि माता-पिता और शिक्षकों को भी परीक्षा के दौरान सकारात्मक माहौल बनाए रखने की प्रेरणा मिली।

परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम के माध्यम से कोरिया जिले के हजारों छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और सफलता के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सीख मिली। इस आयोजन ने परीक्षा को बोझ नहीं बल्कि एक आनंददायक अनुभव बनाने का संदेश दिया।

# सड़कों को सुरक्षित बनाने दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में किया जाएगा सुधार

## नए दुपहिया वाहन के साथ हेलमेट देना होगा अनिवार्य

**जशपुरनगर।** जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर रोहित व्यास एवं एसएसपी शशिमोहन सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके तहत जिले के सभी दुर्घटना संभाव्य क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर उनका सुधार करने के निर्देश दिए गए। जिसमें बगीचा-पत्थलगांव मार्ग, चरईडांड-बगीचा मार्ग, बेंदीनाला, बालाछापर, काईकछार, लोरोघाट, रेंचुआ घाट, पतराटोली, जिरिया, केरसई, सिंगीबहार, साजबहार, मुंडापारा, कोतबा, तुमला, झांपीदरहा, रायकेरा चौक आदि में सड़क सुरक्षा हेतु रोड साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, स्टॉपर, क्रेस बैरियर, लाइटिंग, रेडियम स्ट्रीप, कैट्सआई आदि लगाने के निर्देश दिए गए ।



### कलेक्टर एवं एसएसपी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

### शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों के हेलमेट एवं सीटबेल्ट ना लगा कर आने पर होगी कार्रवाई

सड़कों को सुरक्षित बनाने कलेक्टर ने जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने एवं महाविद्यालयों में लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने चारपहिया वाहन चालकों हेतु सीटबेल्ट एवं दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट लगाने हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए जिला कार्यालय, पुलिस कार्यालय समेत सभी शासकीय कार्यालयों में बिना हेलमेट आने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए पूर्व में भी कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के सभी दुपहिया वाहन विक्रेताओं को नए वाहन विक्रय के साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट देने को कहा। इसके साथ ही वाहन व्यवसायियों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवकों को भी शामिल किया जाएगा।

जिले में ट्रक एवं ट्रैक्टरों में टेल लाइट, रेडियम स्ट्रीप ना होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने सभी ट्रक एवं ट्रैक्टर संचालकों को नियत स्थान पर नंबर लिखने एवं रेडियम स्ट्रिप लगाने को कहा। इसके साथ ही इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए लोगों को परिवहन विभाग की ओर से सभी ऐसे रजिस्टर्ड वाहनों के मालिकों जागरूकता संदेश भेजने के निर्देश दिए गए तथा ट्राली निर्माताओं को बनाने के साथ ही उस पर रेडियम लगाने को कहा गया। कलेक्टर ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत शराब पीकर वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न लगाने, ओवर स्पीडिंग करने वालों पर अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### अधिक आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर पर होगी कार्रवाई

जिले में कई बाइकों में युवाओं द्वारा नियम विरुद्ध अधिक आवाज सीमा वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगाया जाता है। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए एसएसपी द्वारा ऐसे वाहन चालकों की फ़ोटो खींच कर रजिस्ट्रेशन नम्बर द्वारा जानकारी हासिल करते हुए घर पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही ऐसे वाहन चालकों पर जुर्माना लगाने के साथ उनके परिजनों को समझाइश देकर साइलेंसर निकाल कर नष्ट करने के निर्देश दिए गए।

# जिले के पांचों नगरीय निकायों का मतगणना हुआ सम्पन्न

## 3 भाजपा और दो कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी जीते







**जशपुरनगर।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के पांचों नगरीय निकायों का मतगणना सम्पन्न हुआ। नगर पालिका जशपुर में भाजपा के अरविंद भगत अपने निकटतम प्रत्याशी हीरू राम निकुंज हरा कर जीत हासिल की। इसी तरह नगर पंचायत बगीचा में भाजपा के प्रभात कुमार सिडाम ने निकटतम प्रत्याशी कांति दुर्गेश को, नगर पंचायत पत्थलगांव में भाजपा के संगीता सिंह ने निकटतम प्रत्याशी उर्वशी सिंह ठाकुर को हराकर जीत हासिल की। नगर पंचायत कुनकुरी में कांग्रेस प्रत्याशी विनयशील गुप्ता ने निकटतम प्रत्याशी सुदबल यादव को और नगर पंचायत कोतबा में कांग्रेस प्रत्याशी हितेंद्र पैंकरा ने भाजपा का प्रत्याशी उमाशंकर भगत को हराकर जीत हासिल की।

# जनपद पंचायत बगीचा में मतदान को लेकर भारी उत्साह

## पहाड़ी कोरवा भी लोकतंत्र के इस पर्व में निभाने पहुंचे है अपनी भागीदारी



**जशपुरनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत आज जनपद पंचायत क्षेत्र बगीचा के 245 मतदान केंद्रों में मतदान चल रहा है। मतदान करने को लेकर व्योवृद्ध से लेकर नए मतदाताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति कोरवा बाहुल्य क्षेत्र पंडरापाठ में भी बड़ी संख्या में मतदाता लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। मतदान करने को लेकर प्रशासन द्वारा जागरूकता प्रसार का भी व्यापक असर पड़ा है।

### पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों ने उत्साह के साथ डाला वोट

विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा बाहुल्य पंडरापाठ में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बने मतदान केंद्र में बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करने पहुंचे हैं। मतदान करने पहुंचे पहाड़ी कोरवा समुदाय के नीलम पहाड़ी, गोवर्धन पहरिया, महेश, सत्यवान और बैजू में मतदान को लेकर उत्साह के साथ उम्मीद भी है कि चुनें जाने के बाद जनप्रतिनिधि क्षेत्र के विकास को लेकर संजीदा रहेंगे। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मतदान कर अपना कर्तव्य निभाने वे यहां पर आए हैं।

### पहली बार मतदान कर देवकी ने महसूस की लोकतंत्र की शक्ति

सन्ना के शासकीय प्राथमिक शाला और शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में बने मतदान केंद्र देवकी बेंग अपने साथ अपनी 4 सहेलियों को लेकर मतदान करने पहुंची थी। चारों सहेलियों आकांक्षा बेंग, सविता बाई, संगीता मिंज 18 वर्ष पूर्ण होने पर इस बार पहली बार मतदान करने आईं थीं। देवकी ने कहा कि पहली बार मतदान करने जब आ रहे थे हमारे दिमाग में गांव की समस्याएं थीं हमको मतदान केंद्र आने के हर कदम के साथ गांव के विकास की राह हमारे एक वोट के सहारे नजर आ रही थी। हम सहेलियों को लोकतंत्र की शक्ति का एहसास अपने मताधिकार के बाद ही हुआ। हम सब बहुत खुश हैं कि हम भी गांव के विकास में एक कड़ी



बन रहे हैं।

### आजादी से लेकर अब तक मतदान करतीं आईं है रूजवा यादव

जिले के सुदूर पहाड़ी ग्राम पंडरापाठ में रहने वाली 90 वर्षीय रूजवा यादव मतदान करने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंडरापाठ स्थित मतदान केंद्र पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वे भारत की आजादी के बाद से जब से वह मतदान के काबिल हुई तब तब मतदान करने जरूर गयीं हैं। उन्होंने कहा कि पहले मेरे गाँव में बुनियादी सुविधाएं भी नहीं थी मुझे तो लगता है मेरे मतदान से ही गांव का सारा विकास संभव हो सका है। पंडरापाठ के नवापारा टोली निवासी 85 वर्षीय शांति बाई भी चलने में समस्या के बाद भी मतदान करने पहुंची थी। जहां

**व्योवृद्ध से लेकर नए मतदाताओं ने भी डाला अपना मत**





मतदान केंद्र की व्यवस्था को लेकर उन्होंने खुशी जताई। पहाड़ी कोरवा समुदाय की 87 वर्षीय फगनी बाई और 89 वर्षीय एतवारिन बाई अपने गांव से सेमरा मतदान केंद्र में लाठियों के सहारे धीमी चाल से चलते हुए पूरे उत्साह के साथ वे मतदान करने पहुंची थीं।

### रुक्मणी और बिन्दुमती ने बुजुर्गों एवं दिव्यांगों को मतदान केंद्र में की सहायता

मतदान केंद्रों में बुजुर्गों और दिव्यांगों की सहायता के लिए सभी स्काउट गाइड एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों को नियुक्त किया गया था। इस अवसर पर रुक्मणी और बिन्दुमती ने बताया कि उन्हें लोगों की सेवा में बहुत आनंद का अनुभव होता है मतदान केंद्र में आये दिव्यांग और वृद्धों को मतदान करवाकर हमें बहुत अच्छा लग रहा है।

# मनोरा में 10,000 फीट ऊंचाई तक जाने वाले पहले एमेच्योर रॉकेट का सफल प्रक्षेपण

## मनोरा विकास खंड के सेजस स्कूल में रॉकेट्री वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ



**जशपुरनगर ।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मनोरा विकासखंड में 10,000 फीट की ऊंचाई तक जाने वाले पहले एमेच्योर रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए सैकड़ों विद्यार्थी और शिक्षक मौजूद रहे। मनोरा विकासखंड के ग्राम चेड़िया के नजदीक नदी के किनारे संगम स्थल पर कलेक्टर रोहित व्यास ने पहले एक छोटे रॉकेट को बटन दबाकर लॉन्च किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर, संकल्प प्राचार्य विनोद गुप्ता, आईडीवाईएम फाउंडेशन से वैज्ञानिक रत्नेश मिश्रा और को-फाउंडर रविशंकर सहित शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विशेषज्ञ दल के द्वारा इस रॉकेट लॉन्च के दौरान सेजेस मनोरा में 100 विद्यार्थियों को अलग से रॉकेट निर्माण और प्रक्षेपण के कॉन्सेप्ट समझाएं गए। वर्कशॉप में वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रॉकेट डिज़ाइन करने और बनाने की प्रक्रिया और उसके पीछे की वैज्ञानिक अवधारणाओं को समझाया। विद्यार्थियों ने 10-10 के समूहों में बंटकर कुल 10 रॉकेट तैयार किए। इसके बाद, विद्यार्थियों ने स्वयं ही अपने बनाए रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया। विद्यार्थियों के द्वारा बनाए गए इन रॉकेट ने लॉन्च के बाद 300 से 500 मीटर तक की ऊंचाई प्राप्त की। रॉकेट्री कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक विकास खंड के एक विद्यालय में किया जा रहा है जिसमे आस पास के 6-7 और स्कूलों से विद्यार्थियों और शिक्षक भी शामिल हो रहें है स इस कार्यशाला में रॉकेट विज्ञान की बारीकी भी समझाया जा रहा है और विद्यार्थी बहुत ही उत्साहित हो कर इस महत्वपूर्ण विज्ञान को न सिर्फ़ सैद्धांतिक रूप से समझ रहे है बल्कि प्रैक्टिकल करके भी देख रहे है ।

> कलेक्टर रोहित व्यास की पहल पर सैकड़ों विद्यार्थियों की उपस्थिति में ऐतिहासिक रॉकेट लॉन्च, विज्ञान और तकनीक की ओर बढ़ाया कदम।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक विज्ञान की शिक्षा देना और उनमें नवाचार की भावना विकसित करना था। इस अवसर पर बीईओ संजय पटेल, बीआरसीसी तरुण पटेल, यशस्वी जशपुर के अवनीश पांडेय, सेजेस मनोरा के प्राचार्य श्री बैरागी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यार्थियों से बात करने पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए। जिससे विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में नई संभावनाएं तलाशने का अवसर मिलेगा।







# नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए ईवीएम कमीशनिंग कार्य का कमिश्नर एवं कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## ईवीएम स्ट्रांग रूम में स्टोरेज एवं सुरक्षा व्यवस्था का किया अवलोकन







**जशपुरनगर।** नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को होने वाले मतदान हेतु ईव्हीएम कमीशनिंग का कार्य शुक्रवार को स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में प्रारम्भ हुआ। जिसके तहत शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नगर पंचायत कोतबा, पत्थलगांव, बगीचा में मतदान हेतु प्रयुक्त होने वाले ईव्हीएम के कमीशनिंग का कार्य किया गया। इस अवसर पर कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा एवं कलेक्टर रोहित व्यास ने ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कमीशनिंग करने वाले अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्हें ईव्हीएम कमीशनिंग के समय सिलिंग की प्रक्रिया, चपड़ा लगाने, कैन्डीडेट सेटिंग, कैरी केस में ईव्हीएम को रखने सहित संपूर्ण प्रक्रियाओं में पूरी सावधानी बरतते हुए गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो कि नगर पालिका परिषद जशपुर एवं नगर पंचायत कुनकुरी हेतु ईव्हीएम कमीशनिंग का कार्य 08 फरवरी को किया जाना है।

इस दौरान कमिश्नर एवं कलेक्टर ने स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में बनाये गए ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को ईव्हीएम परिवहन हेतु बनाई गई सुरक्षा योजना की जानकारी देते हुए सावधानीपूर्वक परिवहन कराने के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी विश्वास राव मस्के, रिटर्निंग अधिकारी ऋतुराज सिंह बिसेन, आकांक्षा त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों सहित निर्वाचन में कार्यरत अन्य अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जशपुर के रणजीत स्टेडियम में स्व.दिलीप सिंह जूदेव स्मृति में अखिल भारतीय गोल्ड कप फुटबाल प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के खिलाड़ीयों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ियों को ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने पर 3 करोड़ ,रजत पदक जितने पर 2 करोड़ और कांस्य पदक जितने पर 1 करोड़ का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने रणजीता स्टेडियम के जीर्णोद्धार करवाने की घोषणा की।

देश भर के 16 राज्यों से फूटबाल प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता की शुरूआत 8 फरवरी से 23 फरवरी 2025 से किया गया। इस अवसर पर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनि भगत सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष



और पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय,नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविन्द भगत,नव निर्वाचित पार्षद श्री यश प्रताप सिंह जुदेव, शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, शान्ति भगत, पार्षद फैजान सरवर, ओम प्रकाश , नरेश नंदे और बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, खिलाड़ी, कोंच और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रतियोगिता में देश भर के 16 राज्यों की राष्ट्रीय स्तरीय फुटबॉल टीमें भाग लिए थे। टीमों में डाउन-टाउन जम्मू कश्मीर, कालीघाट फुटबॉल क्लब पश्चिम बंगाल, शैल फुटबॉल अकादमी बोकारो झारखंड, वाईडीसी मणिपुर, वाईएमएफसी बक्सर बिहार, एमएफजी बैंगलोर कर्नाटक, सेंचुरी सीमेंट मुंबई, महाराष्ट्र, आर्मी आटलरी सेंटर हैदराबाद, आंध्र प्रदेश, एफसी अवध उत्तरखंड, राउरकेला रेड ओडिशा, मल्लपुरम एफसी, केरल, लुक्का एफसी केरला और जशपुर की टीम शामिल हैं। फुटबॉल प्रेमियों के लिए यह प्रतियोगिता एक शानदार आयोजन साबित हो रहा, जो देशभर से आए फुटबॉल खिलाड़ियों और दर्शकों का दिल जीत लिया

मुख्यमंत्री ने रेलवे नागपुर और एमईजी बैंगलूरू के बीच फायनल मैच का आनंद लिया और सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी प्रतियोगिता में पहले सेमीफायनल में मां कामाख्या स्पोर्ट्स क्लब बक्सर को हरा कर फायनल में पहुंची मद्रास इंजीनियरिंग ग्रूप, एमईजी बैंगलूरू और शुक्रवार को दूसरे सेमीफायनल में सी-लैंड केरला को 4-1 से हराने वाली साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे नागपुर के बीच 23 फरवरी रविवार फायनल मैच खेला गया ।

# भारतीय रेलः कश्मीर चलें हम!

## जया वर्मा सिन्हा- भारतीय रेल की पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**कोटा।** चिनाब नदी के गहरे हरे पानी को मापता दुनिया का सबसे ऊँचा रेल पुल, आपको तेज़ सर्द हवाओं के साथ रोमांच का भी अनूठा एहसास कराता है। ऊंची-ऊंची पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा चिनाब नदी का यह पुल, समुद्र तल से 359 मीटर ऊपर है - ऊँचाई में, एफिल टॉवर से 35 मीटर, और कुतुब मीनार से लगभग पाँच गुना ज्यादा ऊँचा! बादलों का मुकुट पहने, पहाड़ों के सीने पर चौड़ी और मज़बूत नींवों के सहारे अडिग खड़ा यह पुल भारतीय रेल की प्रौद्योगिकी चेतना का प्रतीक तो है ही, हमारी आधुनिकीकरण की आकांक्षाओं का सचेतक भी है। अत्याधुनिक मशीनरी और रखरखाव से लैस, 266 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ़्तार की हवाओं का सामना करने में सक्षम, चिनाब पुल उधमपुर श्रीनगर बारामुला रेल लिंक (USBRL) की उत्कृष्ट उपलब्धियों का द्योतक है।

लगभग ?37,000 करोड़ की लागत से निर्मित, USBRL की 272 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन, विश्व की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण परियोजनाओं में से एक है।

दुर्गम गहन घाटियों और ऊँचे पहाड़ों को चीरती ये रेलवे लाइन 943 पुलों और 36 मुख्य सुरंगों से होकर गुज़रती है, जिसमें भारत की सबसे लंबी रेलवे सुरंग, T-50, जो 12.77 किलोमीटर लंबी है, शामिल है। USBRL के कटरा - बनिहाल सेक्शन पर भारत का



पहला केबल-स्टेड रेल पुल, अंजी खड्ड ब्रिज है। 96 केबल्स के सहारे टिका, समुद्र तल से 331 मीटर ऊँचा और 725 मीटर लंबा पुल, डिज़ाइन और इंजीनियरिंग का बानगी है।

कश्मीर को समग्र और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करती यह लाइन, दुनिया के सबसे आकर्षक एवं सुहावने मंज़र को भी अपने अनुभवों में पिरोए हुए है। यह रेल लिंक पर्यटन, व्यापार और सुरक्षा को बढ़ावा देने में सक्षम है जिससे जम्मू और कश्मीर के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य मे भी उन्नति होगी। इस लाइन पर बने रेलवे स्टेशन जम्मू और कश्मीर की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। काज़ीगुंड, जिसे कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार भी कहा जाता है, दक्षिण कश्मीर और पूर्वी क्षेत्रों के मध्य एक महत्वपूर्ण संपर्क के रूप में कार्य करता है। पंपोर, श्रीनगर, सोपोर और अनंतनाग स्टेशन कश्मीर घाटी की आर्थिक गतिविधि के प्रमुख केंद्र हैं। इसके अलावा, रियासी एवं कटरा स्टेशन, माता वैष्णो देवी मंदिर से निकटता के कारण आध्यात्मिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं।

जल्द ही कटरा से श्रीनगर के लिए अत्याधुनिक वन्दे भारत ट्रेन का USBRL रेलवे लाइन पर नियमित रूप से परिचालन होगा, जिसका हम सब देशवासियों को भी बेसब्री से इंतज़ार है! यहाँ परिचालित होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को कश्मीर की सर्दी एवं बर्फ़बारी की चुनौतीपूर्ण परिस्तिथियों में सुचारू संचालन के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं के अलावा, इसके उन्नत हीटिंग सिस्टम्स यह सुनिश्चित करते हैं कि यह ट्रेन, शून्य से नीचे के तापमान में भी, आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा का अनुभव प्रदान करे। ड्राइवर के सामने के ग्लास मे भी हीटिंग उपकरण लगे है, ताकि सर्दी में भी स्पष्ट दृश्यता हो सके। कश्मीर की अपनी वन्दे भारत विश्व स्तरीय यात्रा के लिए तैयार है।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत हमेशा एक रहा है। भारतीय रेल की यह नवनिर्मित रेलवे लाइन, इस क्षेत्र को वर्षों से बाधित विकास कार्यों को पूरा करने के साथ कश्मीर को निर्बाध रेल कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है, जिसके साथ ही यह सम्पूर्ण क्षेत्र विकास के नये आयाम तय करेगा। कश्मीर घाटी का प्रहरी, पीर पंजाल, बनिहाल सुरंग से गुज़रती ट्रेन के पहियों के मधुर संगीत के इंतजार मे है! सचमुच, कश्मीर अब दूर नहीं है!

# जनसुनवाई में 230 परिवाद प्राप्त, कलेक्टर ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**कोटा ।** जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरुवार को कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 230 परिवाद प्राप्त हुए। कलक्टर ने सभी परिवादों के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों एवं विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण प्रकरण सामने आए, जिनमें से कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर ने पेंशन सत्यापन से जुड़े मामलों में कलक्टर ने मौके पर सत्यापन कराकर समाधान सुनिश्चित किया। एक दिव्यांगजन को पुराने प्रमाण पत्र के कारण पेंशन मिलने में समस्या हो रही थी, जिसे देखते हुए कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग को निर्देशित कर डिजिटल दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया। जिसे शीघ्र जन आधार से लिंक कर पेंशन चालू करने के आदेश दिए गए। इसके अलावा, अतिक्रमण, नाला मरम्मत और राशन कार्ड से गेहूं प्राप्ति से जुड़े परिवादों पर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवादियों से संवेदनशीलता के साथ बातचीत करें और उनकी समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी योजना का लाभ जांच प्रक्रिया के बाद ही दिया जा सकता है, तो इसकी जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाए। इसी तरह, यदि किसी योजना का पोर्टल बंद है और उसके



खुलने के बाद ही लाभ मिल सकता है, तो लोगों को सही तरीके से समझाया जाए। उन्होंने बालिता रोड पर मिलावटी खाद्य सामग्री की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकान को सीज करने तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**जनसुनवाई में वीसी से जुड़े मुख्य सचिव**

जनसुनवाई के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर परिवाद निस्तारण की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि हर परिवादी की समस्या का समाधान न्यूनतम समय में किया जाए और उसे स्पष्ट रूप से जानकारी दी जाए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर परिवादों की समय-सीमा और समाधान संतोष स्तर के तुलनात्मक अध्ययन पर भी चर्चा की।




***संपर्क 2.0 जल्द होगा लॉन्च, निस्तारण की समयसीमा पर होगी सख्त निगरानी***

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने घोषणा की कि जल्द ही संपर्क 2.0 लॉन्च किया जाएगा। इस नए संस्करण के माध्यम से परिवादों के निस्तारण की समय-सीमा, अपेक्षित और वास्तविक निस्तारण अवधि, तथा गुणवत्ता का तुलनात्मक विश्लेषण आसानी से किया जा सकेगा। इससे विभागों की जवाबदेही सुनिश्चित होगी और वे समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण समाधान देने के लिए अधिक जवाबदेह बनेंगे। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) अनिल सिंघल, केडीए सचिव कुशल कोठारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विश्वस्तरीय तर्ज की सुविधा डकनिया रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलेगी

## डकनिया स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 72 फीसदी तक हुआ पूरा



**कोटा।** डकनिया तलाब रेलवे स्टेशन नई दिल्ली-मुंबई कॉर्ड लाइन पर स्थित एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। डकनिया तलाव स्टेशन को पुनर्विकसित करने का कार्य 132.20 करोड़ की लागत से तीव्र गति से किया जा रहा है। वर्तमान में डकनिया स्टेशन का निर्माण कार्य 72 फीसदी तक पूरा हो चुका है। जिसे मई,2025 से पहले पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### इस स्टेशन पर निम्न आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगीः-

4860 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले फ्रंट साइड स्टेशन भवन का निर्माण। भवन त+1 है जिसमें एक मध्यवर्ती मेज़ानाइन तल है।

### विवरण-

भूतल पर प्रस्थान और आगमन ब्लॉक, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम, वीआईपी लाउंज, कार्यालयों की सुविधा।

- मेजेनाइन फ्लोर जिसमें 3 रिटायरिंग रूम, स्टोर रूम और कार्यालय।
- पहली मंजिल में प्रतीक्षालय (सामान्य और महिलाएं), डोरमेट्री, भोजनालय, बजट होटल, शिशु आहार कक्ष, कियोस्क हैं।

2840 वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले रियर साइड स्टेशन भवन का निर्माण। भवन त+1 है जिसमें एक मध्यवर्ती मेज़ानाइन तल होगा।

**विवरण-**

- भूतल पर प्रस्थान और आगमन ब्लॉक, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, क्लॉक रूम और अन्य सुविधाएं।
- मेजेनाइन फ्लोर जिसमें ऑफिस स्पेस आदि।
- प्रथम तल में प्रतीक्षालय, डोरमेट्री, रिटायरिंग रूम, कियोस्क।

### अन्य सुविधाएं

- कुल क्षेत्रफल 17920 वर्गमीटर वाले सभी प्लेटफार्मों पर सीओपी का प्रावधान।
- स्टेशन भवनों, पार्किंग और यात्री सुविधाओं आदि के लिए दिव्यांगजनों के अनुकूल पहुंच का विकास।
- दो नए यात्री प्लेटफार्म का निर्माण और मौजूदा प्लेटफार्म (10 से 12मी) का चौड़ीकरण।
- फ्रंट और रियर स्टेशन बिल्डिंग तथा सभी प्लेटफार्मों को जोड़ने वाले नए 36 मीटर चौड़े कॉनकोर्स (2855 वर्गमीटर कुल) का निर्माण।
- थ्रू रूफ (100×72द्द) का निर्माण, प्लेटफॉर्म और रेलवे ट्रैक को कवर करना, जिसका कुल क्षेत्रफल 7200 वर्गमीटर।
- 6340 वर्गमीटर के कुल क्षेत्रफल वाले फ्रंट और रियर साइड पर सर्कुलेटिंग एरिया और पार्किंग सुविधाओं का विकास।
- स्टेशन के दोनों ओर सर्कुलेटिंग एरिया में लैंडस्केपिंग।

### विद्युत सुविधाएंः

- प्रस्तावित लिफ्टों की संख्याः 8
- प्रस्तावित एस्केलेटर की संख्याः 9
- सौर संयंत्र 70 KWP

### संचार सुविधाएंः-

- यात्री सूचना प्रदर्शन प्रणाली।
- यात्री घोषणा प्रणाली।
- सीसी टीवी प्रणाली।
- कोच इंडिकेशन और ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड।

डकनिया तलाव स्टेशन को पुनर्विकसित करने के लिए स्टेशन डिजाइन के मानक तत्वों को ध्यान में रखते हुए तीव्रता से कार्य किया जा रहा है।





# भारतीय रेलः विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका महाकुंभ 2025 - प्रयागराज

**कोटा।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के पावन स्नान (स्नान) का साक्षी बन चुका है, जिससे यह विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बन गया है। लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन कुंभ में पहुंच रहे हैं, और उनकी सुगम यात्रा सुनिश्चित करने में भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए पिछले 3 वर्षों में 5,000 करोड़ के रेलवे कार्य किए गए हैं, जिनमें उन्नत रेलवे स्टेशन, 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन, और अत्याधुनिक भीड़ प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं।

## महाकुंभ 2025 के लिए विशाल रेलवे संचालन

ट्रेन डायवर्जन और निर्बाध यात्रा

- ☛ सभी मालगाड़ियों को समर्पित मालवाहक कॉरिडोर (DFC) में मोड़ा गया है, ताकि यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता दी जा सके।
- ☛ 200 रेक (इंजन दोनों ओर) तैनात किए गए हैं, जिससे शंटिंग ऑपरेशन की आवश्यकता न पड़े।

अभूतपूर्व रेल सेवाएँ

- ☛ 26 फरवरी 2025 तक 13,000 ट्रेनों का संचालन नियोजित, जिसमें से 16 फरवरी 2025 तक 12,583 ट्रेनें चलाई जा चुकी हैं।

## ☛ शिखर तीर्थयात्री यातायात

- ☛ 13 जनवरी 2025 से अब तक 3.09 करोड़ श्रद्धालुओं का परिवहन।
- ☛ 16 फरवरी को 18.48 लाख और 17 फरवरी को 18.60 लाख यात्रियों का संचालन ङ्क अब तक की सबसे व्यस्ततम दिनचर्या।


ज़ अन्य महत्वपूर्ण तिथियाँ:

- 15 फरवरी – 14.76 लाख यात्री
- 12 फरवरी – 17 लाख यात्री
- 30 जनवरी – 17.57 लाख यात्री
- 29 जनवरी – 27 लाख यात्री
- 28 जनवरी – 14.15 लाख यात्री
- 14 जनवरी – 13.87 लाख यात्री

## 2. यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएँ

सुधारित अधोसंरचना

- ☛ 9 रेलवे स्टेशनों पर द्वितीय प्रवेश द्वार बनाए गए।
- ☛ 48 प्लेटफार्म एवं 21 फुट ओवर ब्रिज (FOB) यात्रियों की सुगमता के लिए।
- ☛ 1186 सीसीटीवी कैमरे तीर्थयात्रा क्षेत्र में स्थापित, बेहतर निगरानी के लिए।
- ☛ 23 स्थायी होल्डिंग एरिया भीड़ प्रबंधन के लिए।








- ☛ प्रमुख स्टेशनों (प्रयागराज, नैनी, छिवकी, और सुबेदारगंज) में 12 भाषाओं में घोषणाएँ।

टिकटिंग व्यवस्थाएँ

- ☛ 554 टिकटिंग काउंटर, जिनमें 151 मोबाइल ञ्जस टिकटिंग पॉइंट शामिल।

## 3. *प्रमुख रेलवे अवसंरचना सुधार*

भारतीय रेल ने महाकुंभ के लिए बड़े पैमाने पर अधोसंरचना निवेश किया है:

- ☛ 3,700 करोड़ की लागत से प्रमुख रेल परियोजनाएँ:
- ☛ बनारस-प्रयागराज दोहरीकरण, जिसमें नया गंगा पुल शामिल।
- ☛ फाफामऊ-जंघई रेल दोहरीकरण, जिससे ट्रेनों की क्षमता बढ़ेगी।
- ☛ 21 नए रोड ओवर ब्रिज (ROB) और रोड अंडर ब्रिज (RUB) का निर्माण।

यात्रियों के लिए रंग-कोडित नेविगेशन प्रणाली

यात्रियों को सरल पहचान और दिशा-निर्देश देने के लिए रंग आधारित टिकटिंग एवं यात्री आश्रय व्यवस्था लागू:

- लाल: लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी
- नीला: डीडीयू, सासाराम, पटना
- पीला: माणिकपुर, झाँसी, सतना, कटनी
- हरा: कानपुर, आगरा, दिल्ली

## 4. *मजबूत सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन*

महाकुंभ में विशाल भीड़ को देखते हुए रेलवे ने व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किए हैं:

- ☛ नियंत्रण केंद्रों की स्थापना
- ☛ स्टेशन स्तर, मंडल स्तर, जोनल स्तर और रेलवे बोर्ड स्तर पर।

## सुरक्षा बलों की तैनाती

- ☛ 13,000 रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (RPF) कर्मी।
- ☛ 10,000 जीआरपी और अर्धसैनिक बल महत्वपूर्ण स्थानों पर तैनात।
- ☛ 3,000+ रनिंग स्टाफ ट्रेनों के सुचारू संचालन हेतु।

महाकुंभ 2025 में अब तक 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, और भारतीय रेल उन्हें सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है। विशेष ट्रेनों से लेकर भीड़ नियंत्रण उपायों तक, रेलवे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित कर रहा है।

# पुलिस लाइन में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के दिए गए सुझाव



**कोटा** । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित वित्तीय साक्षरता केंद्र सुल्तानपुर एवं जिला अग्रणी बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशन में बुधवार को कोटा पुलिस लाइन में वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित किया गया।

## आर्थिक प्रबंधन और डिजिटल लेनदेन की दी गई जानकारी

शिविर में सभी को घरेलू बजट प्रबंधन, बचत के लाभ, बैंक खातों में धनराशि जमा करने और ब्याज प्राप्ति की जानकारी दी गई। इसके अलावा ऑनलाइन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, आरटीजीएस, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के विषय में भी विस्तार से बताया गया।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से पहुंचे एलडीएम ने बढ़ते ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों पर प्रकाश डालते हुए, इससे बचने के उपाय बताए। साथ ही, एरिया मैनेजर कैलाश सोलंकी ने डिजिटल फ्रॉड, फर्जी लिंक, संदिग्ध मोबाइल ऐप और ओटीपी शेयरिंग से होने वाले खतरों से सतर्क रहने की अपील की। मार्केटिंग टीम से श्री रामस्वरूप सुथार ने बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

शिविर में पुलिस विभाग से आरआई रामसिंह, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से एलडीएम श्रीमती दिलीप कौर, सीएलएफ सुलतानपुर के एरिया मैनेजर कैलाश सोलंकी, बीआरकेजीबी बैंक से एफएलसी मालीजी सहित अन्य उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

## जन आधार एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यशाला

**कोटा** । जिला स्तरीय जन आधार एक दिवसीय प्रषिक्षण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में किया गया जिसमें जन आधार योजना से संबंधित नियम, अधिनियमों, परिपत्र एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जन आधार नामांकन, अद्यतन एवं आमजन से आने वाली समस्याओं से संबंधित जानकारी एवं समाधान हेतु दिषा निर्देष दिये गये।

प्रषिक्षण में मास्टर ट्रेनर रामनारायण मालव संयुक्त निदेशक एवं अभिषेक जैन सहायक सांख्यिकी अधिकारी ने विस्तृत जानकारी एवं प्रषिक्षण दिया। प्रशिक्षण में जिला कार्यालय एवं सभी ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला

**कोटा** । राजस्थान को मिलेट्स के अन्तर्गत जिले में मिलेट्स के क्षेत्रफल, उत्पादन, प्रस्सकरण, भोजन की थाली में इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रमुख, प्रधान पंचायत समिति सांगोद, जिला स्तरीय प्रगतिशील कृषकों, एफपीओ, मिलेट्स पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे उद्यमियों के साथ बुधवार को राज्य खाद्य प्रबंध संस्थान में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 159 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल ने कहा कि मोटे अनाज अत्यन्त गुणकारी है ये हमारे परम्परागत भोजन रहे हैं जिसके लाभ हमारे पूर्वजों की जीवन शैली एवं उनके स्वास्थ्य में दिखाई देते हैं। पंचायत समिति प्रधान सांगोद जयवीर सिंह ने मिलेट्स की कम पानी में उत्पादित होने की क्षमता, कीट एवं रोगों से लड़ने की प्रबल क्षमता आदि के बारे में बताया। संयुक्त निदेशक कृषि (वि.) अतीश कुमार शर्मा ने जिले में मिलेट्स के क्षेत्रफल, उत्पादन तकनीक, मिलेट्स का भोजन में महत्व के बारे में बताया। अतिरिक्त निदेशक कृषि (वि.) अशोक कुमार शर्मा ने कोटा संभाग में मोटे अनाजों की स्थिति एवं पश्चिमी राजस्थान की भांति मोटे अनाजों को अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यशाला में डॉ. रामावतार जाट, डॉ. मनोज विश्नोई, डॉ. सत्यनारायण मीणा, डॉ. नीरजा श्रीवास्तव एवं डॉ. नीलकमल राठौर ने मिलेट्स के बारे में जानकारी दी। कृषि अनुसंधान अधिकारी (शस्य) डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि मिलेट्स अन्तर्गत आने वाले बाजरे में चावल से 10 गुना एवं गेहूं से 3.5 गुना ओमेगा-3 वसीय अम्ल, चावल से 2 गुना जिंक होता है। मोटे अनाज पाचक रेशों से भरपूर होते है जिनका ग्लायसेमिक इंडेक्स भी अत्यन्त कम होता है। मोटे अनाज मोटापा, हृदय रोग, मधुमेह आदि से बचाव में अत्यन्त सहायक है। साथ ही, ये अत्यन्त कीट एवं रोग प्रतिरोधी होते है एवं इसके उत्पादन के लिए अत्यन्त कम जल की भी आवश्यकता होती है।



# कोटा को मिला मिनी सचिवालय, विश्वकर्मा स्किल इंस्टीट्यूट कोचिंग छात्रों के सम्बलन के लिए युवा साथी केन्द्र

**कोटा** । राज्य विधानसभा में बुधवार को उप मुख्यमंत्री (वित्त मंत्री) दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट में कोटा जिले को भी कई सौंगातें मिली। इसमें लम्बे समय से चल रही मिनी सचिवालय की मांग आखिर इस बजट में पूरी हो गई। इसके साथ ही 150 करोड़ रूपये की लागत से विश्वकर्मा स्किल इंस्टीट्यूट, मेडिकल कॉलेज में केंसर यूनिट एवं कॉटेज वार्ड सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कोटा के लिए बजट में की गई। कोटा के लिए की गई प्रमुख घोषणाएं निम्न हैं-



## कोटा में मिनी सचिवालय की स्थापना

- 150 करोड़ रूपये की लागत से कोटा में विश्वकर्मा स्किल इंस्टीट्यूट की स्थापना
- कोचिंग छात्रों के सम्बलन एवं काउंसलिंग के लिए युवा साथी केन्द्र
- संभाग मुख्यालय पर हॉस्पिलिटी स्किल सेंटर
- कोटा एयरपोर्ट के निकट एयरो सिटी
- टॉय पार्क की स्थापना
- बालिका सैनिक स्कूल की स्थापना
- साइंस सेंटर में इनोवेशन हब की स्थापना
- कोटा में पैरा स्पोर्ट के लिए स्पेशल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, स्पोर्ट्स स्कूल
- जिला चिकित्सालयों में डायबिटीज क्लिनिक
- कोटा मेडिकल कॉलेज में केंसर यूनिट एवं कॉटेज वार्ड के लिए 195 करोड़ रूपये संभाग मुख्यालय पर अल्ट्रा एडवांस बर्न केयर सेंटर की स्थापना
- मेडिकल कॉलेज में 120 बेड क्षमता के स्पाईनल इंजरी सेंटर की क्षमता में वृद्धि
- संभाग मुख्यालय पर डेडीकेटेड जेरियाट्रिक सेंटर का उन्नयन
- दिव्यांगजनों के लिए संभागीय स्तर पर रिहेबिलिटेशन सेंटर का उन्नयन
- संभाग स्तरीय अस्पतालों में फिब्रो स्केन मशीन की स्थापना
- गोपालपुरा-कोटा क्षेत्र में नवीन औद्योगिक क्षेत्र
- जयपुर-कोटा हाइवे पर सड़क सुधार के कार्य
- कोटा-जयपुर हाइवे को जीरो एक्सीडेंट जोन बनाना
- श्रीमथुराधीश जी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों को अत्यधिक भीड़ तथा यातायात संबंधी समस्या से राहत दिलाने के लिए वैकल्पिक मार्ग के लिए फिजीबिलिटी रिपोर्ट एवं डीपीआर तैयार करवाई जाएगी
- 110 करोड़ 79 लाख रूपये की लागत से तकली बांध से रामगंमंडी शहरी पेयजल योजना एवं खुडीयाला रीको के संवर्धन तथा सुदृढ़ीकरण का कार्य
- 2 करोड़ 48 लाख रूपये की लागत से आंवली-रोझडी व नयागांव को अकेलगढ़ हैडवक्स से जोड़ने का कार्य
- 8 करोड़ रूपये की लागत से सांगोद में अतिरिक्त जल शोधन संयंत्र का कार्य
- कोटा बैराज पर वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए पीपीपी मोड पर कार्य
- 35 करोड़ रूपये की लागत से अमझाट-खेड़ली-चेचट-मदनपुरा, गोयन्दा मध्य प्रदेश सीमा तक 18.5 किमी. सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- 45 करोड़ रूपये की लागत से कुराड़-ढोटी-कन्दाफल-मण्डाप-श्यामपुरा-सांगोद सड़क का चौड़ाईकरण
- 15 करोड़ रूपये की लागत से रामगंजमंडी-जुल्मी सड़क का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण
- 12 करोड़ रूपये की लागत से आरएसवीपीएन कार्यालय से तालछी पुलिया तक सड़क का चौड़ाईकरण एवं डिवाईडर का निर्माण
- 25 करोड़ रूपये की लागत से कोटा में विभिन्न सड़कों के कार्य
- सांगोद क्षेत्र के कुराड-ढोटी-कंदाफल, खेड़ली-आमली-मंडाप-सांगोद सड़क के पास कालीसिंध नदी पर 70 करोड़ रूपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण
- सांगोद में सम्पर्क सड़क काठून के अरू नदी पर 4 करोड़ 50 लाख रूपये की लागत से पुलिया निर्माण का कार्य
- दीगोद-कोटा में रोडवेज बस स्टेंड का कार्य
- संभाग मुख्यालय पर सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट संबंधी कार्य
- नगरीय निकायों के डम्पिंग साइट्स पर पड़े पुराने कचरे का निस्तारण
- कोटा में सीवरेज एवं ड्रेनेज संबंधी कार्य
- सीवर लाइनों के अंदर क्लोज्ड सर्किट टेलिविजन ऑन सर्वे के द्वारा कंडीशन एसेसमेंट करवाकर क्षतिग्रस्त भाग को बिना सड़क की खुदाई करे ट्रेंचलेस मैथड से बदलने का कार्य
- संभागीय मुख्यालय पर 50 बेड के सरस्वती हाफ वे होम की स्थापना
- संभाग मुख्यालय के लिए कम्प्रेसिव मोबिलिटी प्लान बनाया जाएगा
- मोडक-कोटा में आईटीआई की स्थापना
- कोटा जिले के कैथून व सुकेत में बालिका महाविद्यालय
- रामगंजमंडी कोटा में देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण
- कोटा में किशोर सुधार गृह में बाल मनोवैज्ञानिक उपलब्ध करवाए जाने की सुविधा।
- खातौली-कोटा में विभिन्न प्रशासनिक इकाइयों की स्थापना व क्रमोन्नयन तथा भवन निर्माण संबंधी कार्य करवाए जाएंगे।
- सांगोद क्षेत्र में कालीसिंध नदी पर एनिकट निर्माण कराये जाने की घोषणा की गई है।
- सावनभादो में नहर निर्माण कार्य की घोषणा की गई है।
- कोटा में जिला दुग्ध संघ एवं पशु आहार संयंत्र संबंधी कार्य की घोषणा।
- शहरी पेयजल परियोजना के अंतर्गत कोटा में जलापूर्ति के कार्य
- लाडपुरा क्षेत्र में 400 केवी जीएसएस का निर्माण

# पिछले बजट की घोषणाओं के अलावा कुछ नही,, धारीवाल पर्यटन विकास , अर्थव्यवस्था में बढोत्तरी जैसी कोई घोषणा बजट में नहीं हर वर्ग के लिए निराशाजनक बजट

**कोटा।** राजस्थान सरकार की वित्त मंत्री ने जो बजट पेश किया वो महज कागजी घोषणाओं जैसा नज़र आया , क्योंकि अब तक पिछली बजट घोषणाओं पर ही कोई कार्य नहीं हो सका तो इस बजट से क्या उम्मीद की जा सकती है वही कोटा को इस बजट में कुछ नहीं मिला जो भी घोषणाएं की गई वह पिछले बजट की घोषणाएं थी जो अब तक पूरी नहीं हो पाई है । पूर्व मंत्री कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बजट पूरी तरह से निराशाजनक साबित हुआ क्योंकि कोटा कोई ऐसी घोषणा नहीं की गई जिससे अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी हो सके पर्यटन विकास को लेकर भी कोटा की अनदेखी की गई। पिछली कांग्रेस



सरकार में हमने 5000 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्य तो कोटा में ही करवा दिए थे इस बजट में कोटा के विकास को लेकर भी किसी तरह का जिक्र ही हुआ। जनता को गुमराह करने के लिए आंकड़ों का खेल बजट में पेश किया गया जबकि वृद्धजनों को 6 महीने से पेंशन नहीं मिल रही युवाओं को भत्ता नहीं मिल रहा। हाडोती का किसान लहसुन की गिरते दामों से चिंतित है लेकिन सरकार ने बजट में कोई घोषणा नहीं की ना ही कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने के बारे में कोई घोषणा की गई। भाजपा सरकार का यह बजट युवा किसान निर्धन वर्ग व्यापारी समेत हर वर्ग के लिए निराशाजनक साबित हुआ।

# पार्षद बनना लेकिन ठेकेदार नहीं-रमन सिंह

## मेरे जीवन का सबसे कठिन चुनाव पार्षद था, वार्डों में सभी काम करना,लेकिन फव्वारा मत लगाना

रायपुर। मैं एक सुझाव दूंगा कि, आप पार्षद बनिए लेकिन ठेकेदार मत बनिए। जब मैं पार्षद था, यदि उस समय ठेकेदारी शुरू कर देता तो आज ए क्लास कॉन्ट्रेक्टर रहता।




लेकिन 45 साल से मुझे जो सम्मान जनता से मिल रहा है, वो नहीं मिलता। अच्छी सोच लेकर आप नगर निगम में आए हैं। आगे बढ़ाना है, तो अपनी सोच अच्छी रखिए। जिस वार्ड में दायित्व दिया गया है, उसका निर्वहन करिए। पार्षद से लेकर मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री और सीए भी रहा। अपने वार्ड में सभी काम करना, लेकिन फव्वारा कभी मत लगाना। रायपुर में महाराष्ट्र मंडल की तरफ से निगम के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने पार्षदों को यह नसीहत दी।

**मेरे जीवन का सबसे कठिन पार्षद चुनाव रहा- रमन-** डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, मैंने अपने जीवन में कई चुनाव लड़े। विधायक, सांसद, केंद्र में मंत्री रहा और 7 बार विधायक बना। लेकिन मेरे जीवन का सबसे कठिन चुनाव जब मैं याद करता हूं, तो वो पार्षद का चुनाव रहा है। जब मैं पार्षद का प्रत्याशी था, वो मेरे जीवन का सबसे कठिन चुनाव रहा है। मेरा मानना है, जो पार्षद बन गया। वो सब कुछ बन सकता है। पार्षद से रमेश बैस सांसद और गवर्नर बन गए। पार्षद से डॉ रमन सिंह केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष बन सकता है, तो आप सभी का भविष्य भी बहुत अच्छा है।

**6 दिन से ज्यादा नहीं चलता फव्वारा-** रमन सिंह ने कहा कि, हमने देखा है कि फव्वारा में करोड़ों रुपए खर्च हो गए, लेकिन फव्वारा 6 दिन से ज्यादा नहीं चलता है। इसलिए कृपा करके अपने वार्ड और शहर में एक रुपए भी फव्वारे में मत लगाइएगा। 6 दिन से ऊपर कोई फव्वारा नहीं चलता और पैसा बर्बाद हो जाता है।

# केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने छत्तीसगढ़ के जल संचयन कार्यों को सराहा

**रायपुर।** राजस्थान के उदयपुर में आयोजित राज्य जल मंत्रियों के सम्मेलन में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल ने छत्तीसगढ़ में जल संचयन के लिए जनभागीदारी से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जल संरचनाओं के निर्माण में पूरे देश में अग्रणी स्थान पर है और जल संरक्षण के क्षेत्र में राज्य के नवाचार मॉडल अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि छत्तीसगढ़ में अब तक 2,29,000 से अधिक जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है, जिससे जल संसाधनों का संवर्धन हो रहा है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना हमारे लिए गौरव की बात है। छत्तीसगढ़ सरकार की नीति जल संरक्षण और सतत विकास पर केन्द्रित है। राज्य सरकार प्राकृतिक संसाधनों की संरक्षण और भावी पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है। इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राज्य के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव और जल




संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप ने किया। उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने राज्य में जल संग्रहण के लिए चलाए जा रहे योजनाओं, जल संरचनाओं के प्रभाव और सामुदायिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसमें ग्रामीण और शहरी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की सिंचाई क्षमता में वृद्धि और जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण के लिए तय किए गए लक्ष्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# शुभ संकल्पों की होती है समाज और राष्ट्र के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका - मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज प्रजापिता ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ब्रह्म भोज एवं स्नेह मिलन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सत्संग और ध्यान के माध्यम से मन में शुभ संकल्पों की जागृति होती है, और जब हम इन्हें अपने जीवन में अपनाते हैं, तो समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान देते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा आध्यात्मिक जागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों



की सराहना करते हुए कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान केवल आध्यात्मिकता का प्रसार ही नहीं कर रहा, बल्कि यह एक सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा प्रत्येक वर्ष विधानसभा सदस्यों के लिए आयोजित पवित्र ब्रह्म भोज की अनूठी परंपरा के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। ब्रह्मकुमारी संस्थान की वरिष्ठ बहनों हेमलता दीदी और सरिता दीदी ने मुख्यमंत्री श्री साय सहित सभी अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।






## नशा मुक्ति अभियान को मिली राष्ट्रीय स्तर की सराहना

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी संस्थान द्वारा छत्तीसगढ़ से प्रारंभ किए जा रहे विशेष नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज और राष्ट्र का सबसे बड़ा संकट बन चुका है। युवाओं का इससे सबसे अधिक प्रभावित होना हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। नशे की लत केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं, हिंसा और परिवारों के विघटन का प्रमुख कारण भी बनता जा रहा है। उन्होंने इस अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि योग और ध्यान से न केवल व्यक्ति के जीवन में संतुलन आता है, बल्कि इससे सकारात्मक मानसिकता भी विकसित होती है। यह अभियान छत्तीसगढ़ से लेकर संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ब्रह्मकुमारी संस्थान की सामाजिक एवं आध्यात्मिक सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि शांति सरोवर आने से मन को गहरी शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है।

यह एक अद्भुत संयोग और शुभ संकेत है कि हम सभी एक साथ यहाँ उपस्थित होकर ब्रह्म भोज का पुण्य लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्मकुमारी संस्थान केवल ध्यान और योग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज सुधार, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों के संवर्धन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ब्रह्मकुमारी संस्थान अपने शिक्षा, योग, ध्यान और समाज सेवा से जुड़े अभियानों के माध्यम से न केवल भारत, बल्कि विश्वभर में सकारात्मक परिवर्तन का संचार कर रहा है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्रीगण, विधायकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृहग्राम बगिया में मनाया 61वां जन्मदिन

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को अपने 61वें जन्मदिन का जश्न अपने गृहग्राम बगिया में परिवार और समर्थकों के साथ मनाया। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय ने माल्यार्पण कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## सत्यनारायण कथा और केक काटकर मनाया विशेष दिन

मुख्यमंत्री साय ने अपने गृहनिवास श्रीराम सदन में परिवार सहित सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने केक काटा और अपने परिजनों के साथ यह खास दिन मनाया। मुख्यमंत्री ने दिन की शुरुआत अपनी माता जसमनी देवी का आशीर्वाद लेकर की।

## समर्थकों और प्रदेशवासियों से मिला अपार स्नेह

मुख्यमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए प्रदेशभर से लोग बगिया पहुंचे। दूर-दराज से आए शुभचिंतकों ने भी बधाइयां दीं। इस अपार प्रेम और समर्थन से अभिभूत होकर मुख्यमंत्री साय ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा,

आप सभी के प्रेम और आशीर्वाद से ही मुझे छत्तीसगढ़ की सेवा करने का सौभाग्य मिला है। इस विशेष दिन पर आप सभी का साथ पाकर मैं बेहद भावुक और कृतज्ञ हूं।

## प्रधानमंत्री से लेकर अन्य नेताओं ने दी बधाई

मुख्यमंत्री को देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री एवं विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर भी उनके समर्थकों ने बधाई संदेशों की बौछार कर दी।

## पंचायत चुनाव में भाजपा की मजबूत पकड़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने जन्मदिन के मौके पर पंचायत चुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि,





त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश के 10 में से 10 नगर निगमों में जीत हमारी हुई है, वहीं 49 में से 35 नगरपालिकाओं में भाजपा ने नगर सरकार बनाई है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि दो चरणों में हुए चुनाव में भाजपा को 75% सफलता मिली है, और उन्हें पूरा विश्वास है कि 23 तारीख को होने वाले तीसरे चरण के मतदान में भी जनता भारतीय जनता पार्टी को ही आशीर्वाद देगी।

## मोदी सरकार की गारंटी से जनता का विश्वास भाजपा पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की गारंटी को देखते हुए प्रदेश की जनता भाजपा पर भरोसा कर रही है और आगामी चुनावों में भी भाजपा को ही समर्थन मिलेगा। मुख्यमंत्री साय का यह जन्मदिन राजनीतिक उपलब्धियों और भावनात्मक जुड़ाव का संगम बना, जहां उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के विकास के लिए अपने संकल्प को दोहराया।

## माता का आशीर्वाद लेकर मनाया जन्मदिवस

कथा के समापन के पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने प्रियजनों द्वारा लाए गए जन्मदिन के केक को सर्वप्रथम अपनी माता श्रीमती जसमनी देवी को अपने हाथों से खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आत्मीय संवाद किया और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि यह जन्मदिवस उनके लिए निजी उत्सव से बढ़कर एक सेवा का संकल्प दिवस है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की और छत्तीसगढ़ की समृद्धि, विकास और शांति के लिए सतत प्रयासरत रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अनेक विशिष्ट जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिनमें प्रमुख रूप से राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद श्री राधेश्याम राठिया, सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय, श्री कृष्णा राय, श्रीमती उर्वशी सिंह, श्री सुनील गुप्ता, श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, श्री ओमप्रकाश सिन्हा , गुरुपाल भल्ला, श्रीकांत सोमवार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।



## सीएम विष्णुदेव साय को पीएम मोदी ने दी जन्मदिन की बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपना 61वाँ जन्मदिन मना रहे हैं। बता दें कि, सीएम साय निजी निवास बगिया में परिवार और क्षेत्रवासियों के साथ जन्मदिन मनाएं। साथ ही सीएम विष्णुदेव साय बगिया के आदिवासी जनजाति बालक आश्रम में बच्चों के साथ जन्मदिन मनाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गज नेताओं ने जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें बधाई दी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया ट्वीट कर बधाई देते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ के ओजस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वे छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। गरीबों और वंचित समुदायों के प्रति उनकी चिंता भी उल्लेखनीय है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करता हूं। सीएम विष्णु देव साय अपने जन्म दिवस गृह ग्राम बगिया में परिजनों के साथ मनाएं। ओपी चौधरी ने जन्मदिन की बधाई दी - मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है- वे आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु व अपार ऊर्जा प्रदान करें, ताकि छत्तीसगढ़ निरंतर विकास-जनकल्याण के पथ पर अग्रसर रहे। आपका जीवन सुख-समृद्धि से परिपूर्ण हो। अरुण साव ने लिखा, राष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ के हित को सर्वोपरि रखकर छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. श्री विष्णु देव साय जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रभु श्रीराम जी से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।


# अनमोल होती है हाथ की हस्तरेखा

## हथेली पर बन रही है यह रेखा तो भविष्य में आ सकती है आर्थिक तंगी

ज्योतिषविद्या में हस्तरेखा का बहुत महत्व है। हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार हमारी हथेली पर बनी रेखाएँ हमारे भाग्य और भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में बताती हैं। हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार व्यक्ति के हाथ पर बनने वाली रेखाओं से का संबंध उसके जीवन में होने वाली घटनाओं से होता है। हथेली पर बनी रेखाओं से भी व्यक्ति के भाग्य के बारे में बहुत कुछ जाना जा सकता है। हथेली पर बनी रेखाएं व्यक्ति की आर्थिक स्थिति के बारे में भी जानकारी देती हैं। व्यक्ति की हाथ पर कई रेखाएं होती हैं जो इशारा करती हैं कि व्यक्ति को जीवन में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि हथेली में बनी कौन सी रेखाएं आर्थिक तंगी का संकेत देती हैं – यदि किसी की हथेली पर मणिबंध से रेखा निकलकर शनि पर्वत तक जाती हो इसे शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि ऐसे लोगों को जीवन में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों के जीवन में धन की कमी रहती है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार शुक्र पर्वत से बनने वाली रेखा भी आर्थिक तंगी का संकेत है। ऐसी रेखाएं जीवन में आने वाली आर्थिक परेशानियों की ओर इशारा करती हैं। ऐसे लोगों के जीवन में धन की कमी रहती है जिसकी वजह से मानसिक परेशनियां बढ़ती हैं।

जिन लोगों की हथेली पर मस्तिष्क रेखा टूटी-फूटी



हो या जाल जैसा बना रही हो तो उन्हें जीवन में आर्थिक तंगी रहती है। ऐसे लोगों के पास धन आ भी जाए तो ज़्यादा समय तक टिकता नहीं है। ऐसे लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार जिन लोगों की अनामिका अंगुली पर टिल होता है उन्हें जीवन में धन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों के पास आया धन किसी न किसी काम में खर्च हो जाता है। यह तिल काले या भूरे रंग का हो सकता है।

हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेली में सूर्य रेखा पर तिल होता है, उन्हें जीवन में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों का उधार बहुत ज़्यादा हो जाता है जिससे उन्हें मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हथेली में जीवनरेखा पर तिल होना भी शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि ऐसे लोगों को जीवन में आर्थिक उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। इन लोगों के जीवन में धन टिक नहीं पाता है। इनका धन किसी न किसी काम में खर्च हो जाता है।

**हस्तरेखा शास्त्र-** के अनुसार रिंग फिंगर और सबसे छोटी उंगली के नीचे सीधी रेखा को धन की रेखा कहा जाता है. धन रेखा के माध्यम से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति के बारे में जाना जा सकता है. हथेली में धन की रेखा जानने से पहले ये जानना जरूरी है कि कौन से हाथ में धन रेखा यानी मनी लाइन को देखना चाहिए.

**हस्त रेखा विज्ञान** – हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार व्यक्ति को जीवन में सफलता हासिल करने और अमीर बनने के लिए किस्मत का साथ मिलना जरूरी होता है. व्यक्ति के हाथों में भाग्य, स्वास्थ्य और धन संबंधित रेखाएं पाई जाती हैं. हथेली की लकीरों यानी हस्त रेखाओं से मनुष्य के जीवन की भविष्यवाणी की जा सकती है.

**हस्तरेखा शास्त्र** –के अनुसार रिंग फिंगर और सबसे छोटी उंगली के नीचे सीधी रेखा को धन की रेखा कहा जाता है. धन रेखा के माध्यम से व्यक्ति की आर्थिक स्थिति के बारे में जाना जा सकता है. हथेली में धन की रेखा जानने से पहले ये जानना जरूरी है कि कौन से हाथ में धन रेखा यानी मनी लाइन को देखना चाहिए.

दरअसल, कई लोगों का मानना है कि पुरुषों के दाएं हाथ जबकि महिलाओं के बाएं हाथ की रेखा को देखना चाहिए जबकि हस्त शास्त्र के मुताबिक ध्यान रखना आवश्यक है कि जिस हाथ से व्यक्ति सबसे ज्यादा काम करे उसी हाथ की मनी लाइन से आर्थिक स्थिति की भविष्यवाणी की जाती है.

## अंगूठे में छिपे हैं कई राज़, इस तरह जानें व्यक्ति का स्वाभाव

**आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि अंगूठे को देखकर आपके स्वभाव के बारे में किन बातों का पता लगाया जा सकता है –**

### लंबा अंगूठा

समुद्रशास्त्र के अनुसार जिन लोगों का अंगूठा लंबा होता है वे आकर्षित व्यक्तित्व के धनी होती हैं। इसके साथ ही ऐसे लोगों की नेतृत्व क्षमता भी अच्छी होती है। ऐसे लोग कुशाग्र बुद्धि के होते हैं और ये किसी भी परिस्थिति को आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं। ऐसे लोग बहुत धनवान होते हैं और इनके जीवन में धन की कोई कमी नहीं होती।

### छोटा अंगूठा

जिन लोगों का अंगूठा छोटा होता है वे दिमाग से ज्यादा अपने दिल की सुनते हैं। ऐसे लोग दूसरों को सुझाव देते हैं लेकिन खुद की परेशानियों में सही समय पर फैसला नहीं ले पाते हैं। इस तरह के अंगूठे के बनावट वाले लोग कविता, लेखन या संगीत सहित रचनात्मक कार्यों से जुड़े हुए होते हैं। ऐसे लोगों के जीवन में कभी भी प्यार की कमी नहीं होती है।

## हथेली की रेखाओं से जानिए कितने साल और जीवित रहेंगे आप

हस्तशास्त्र ज्योतिष में हथेली पर बनने वाली रेखाओं और निशानो से व्यक्ति के भूत, वर्तमान और भविष्य के बारे में भविष्यवाणी की जा सकती है और यह भी बताया जा सकता है कि व्यक्ति कितने वर्षों तक जीवित रहेगा। हथेली पर कुछ लकीरों के अध्ययन से इस बात को मालूम किया जा सकता है।

समुद्रशास्त्र के अनुसार मणिबंध पर बने निशान से व्यक्ति की आयु के बारे में जानकारी हासिल की जा सकती है। मणिबंध उसे कहते है जहां से कलाई शुरू होती है। अगर किसी व्यक्ति के हाथेली में एक मणिबंध रेखा है उसकी आयु 25 वर्ष तक है। 2 रेखा होने पर व्यक्ति की आयु 50 साल के करीब वही 3 रेखा बनने पर व्यक्ति 75 साल तक जीवित रहता है। मणिबंध पर 4 रेखा होने पर व्यक्ति संपन्न और दीर्घायु होता है।

## छोटी उंगली में छिपा है आपके व्यक्तित्व का रहस्य, जानें क्या बताती है आपकी उंगली

ज्योतिषविद्या में हस्तरेखा का बहुत महत्व है। हस्तरेखाशास्त्र के अनुसार हमारी हथेली पर बनी रेखाएँ हमारे भाग्य और भविष्य में होने वाली घटनाओं के बारे में बताती हैं। इसी तरह व्यक्ति के हाथ और उंगलियों की बनावट भी व्यक्ति के बारे में बहुत कुछ बताती है। हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार हाथ की उँगलियों को देख कर व्यक्ति के व्यक्तित्व का अनुमान लगाया जा सकता है। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि ज्योतिषशास्त्र के अनुसार हाथ की छोटी उंगली से व्यक्तित्व के बारे में क्या जानकारी मिलती है –

हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार, यदि छोटी उंगली का पहला भाग बाकी अन्य भागों से लंबा हो तो ऐसे लोग काफी आकर्षक व्यक्तित्व के होते हैं। ऐसे लोग दूसरों को अपनी बातों से आकर्षित करने का गुण रखते हैं। इन्हें लोगों की अच्छी परख होती है।

यदि कनिष्ठा का मध्य भाग अधिक लंबा हो तो ऐसे लोग दूसरों की बहुत परवाह करते हैं। ये लोग खुद से पहले दूसरों के बारे में सोचते हैं।

## वित्तीय सुधार की दिशा में काम कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार- वित्त मंत्री ओपी चौधरी

# तृतीय अनुपूरक में 19762 करोड़ रूपए का बजट पारित




रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार का तृतीय अनुपूरक बजट आज विधानसभा में ध्वनिमत से पारित हुआ। वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने वर्ष 2024-25 के लिए 19762 करोड़ 12 लाख 42 हजार 523 रूपए का तृतीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। चर्चा पश्चात पारित हुए उक्त अनुपूरक बजट को मिलाकर वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य के बजट का आकार कुल 01 लाख 75 हजार 342 करोड़ रूपए का हो गया है। इसमें मुख्य बजट के रूप में पारित 1 लाख 47 हजार 446 करोड़, प्रथम अनुपूरक बजट में 7 हजार 329 करोड़ रूपए, द्वितीय अनुपूरक बजट में 805 करोड़ 71 लाख 74 हजार 286 रूपए और तृतीय अनुपूरक बजट में 19762 करोड़ 12 लाख 42 हजार 523 रूपए शामिल है। वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने तृतीय अनुपूरक बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है। सरकार बनने के 12 दिनों बाद ही मोदी जी की गारंटी के अनुरूप सरकार ने 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल के बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने समर्थन मूल्य पर इस वर्ष 149 लाख टन धान की खरीदी की है, जो अपने आप में रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि 31 जनवरी को धान खरीदी समाप्त हुई और एक सप्ताह के भीतर 25 लाख 49 हजार किसानों के बैंक खाते में 12 हजार करोड़ रूपए का भुगतान एकमुश्त किया गया। पूरे देश में इतना बड़ा ट्रांजैक्शन किसान भाइयों के खाते में करने का अपने आप में इतिहास है, यह एक रिकॉर्ड है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमने विभिन्न वित्तीय सुधारों के माध्यम से केंद्र सरकार से 6,000 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि प्राप्त की है, जो देश में सर्वाधिक है। वित्तीय संतुलन बनाए रखने, पूंजीगत व्यय बढ़ाने व विकास योजनाओं को तेज करने की दिशा में यह बड़ा कदम है। पिछले सवा साल में छत्तीसगढ़ में गुड गवर्नेंस रहा है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार पर भरोसा जताते हुए अपना लगातार समर्थन दिया है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने आगे कहा कि हम वित्तीय अनुशासन के साथ सुधारवादी बजट लेकर आए हैं। अनुपूरक बजट में वित्तीय अनुशासन व सुधारों के जरिए पुराने घाटों को भरने व ब्याज बचत करते हुए भुगतान-देनदारी निपटाने के लिए बड़ा प्रावधान किया गया है, ताकि विकास में कोई बाधा न आए। हमारा लक्ष्य सुव्यवस्थित वित्तीय प्रबंधन के साथ छत्तीसगढ़ को प्रगति की ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन,छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड और पुलिस हाउसिंग इन तीनों को मिलाकर लगभग 3500 करोड़ का लोन है, जो महंगे ब्याज दरों पर चल रहे हैं, इस अनुपूरक बजट में इन तीनों लोन का हम प्री पेमेंट कर रहे हैं। इससे प्रतिवर्ष 50 करोड़ से अधिक का ब्याज बचेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राजनांदगांव जिले, जांजगीर-चांपा जिले एवं नवा रायपुर अटल नगर में फार्मास्यूटिकल पार्क की स्थापना के लिए अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक संस्थान, इंजीनियरिंग पार्क की स्थापना के लिए भी 76 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। रायपुर, नवा रायपुर, बिलासपुर में वर्किंग वूमेन हॉस्टल के निर्माण के लिए 34 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**छत्तीसगढ़ को वित्तीय सुधारों के कारण केन्द्र सरकार से मिली सर्वाधिक 6000 करोड़ की प्रोत्साहन राशि**

**ऋण की अग्रिम अदायगी के लिए 2250 करोड़ का प्रावधान**

**उपभोक्त ाओं को बिजली बिल में राहत देने 326.97 करोड़ रूपए**

**औद्योगिक क्षेत्रों में 76 करोड़ से होंगे अधोसंरचनात्मक कार्य**

**छत्तीसगढ़ का बजट अब बढ़कर हुआ एक लाख 75 हजार 342 करोड़ रूपए**

*तृतीय अनुपूरक बजट 2024-25 में पुलिस प्रशिक्षण शालाएं के लिए 3 करोड़, जिला चिकित्सालय के लिए 145 करोड़ रूपए, निवृत्ति वेतन भोगियों को देय 1 हजार 278 करोड़, परिवार पेंशन के लिए 320 करोड़, पुलिस 500 करोड़, राज्य सहकारी विपणन संघ को खाद्यान्न उपार्जन में हुई हानि का प्रतिपूर्ति 600 करोड़, लघु एवं लघुतम सिंचाई योजनाएं 125 करोड़, सेवा एवं मूल्य निवृत्ति पुरस्कार 37 करोड़, एनीकट/स्टापडेम का निर्माण 15 करोड़, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के लिए 1 हजार 43 करोड़, नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना 195 करोड़, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 86 करोड़, सड़कों के निर्माण कार्य हेतु लिए गए ऋण की अदायगी के लिए 2 हजार 250 करोड़, कृषि पंपो को निःशुल्क विद्युत प्रदाय हेतु अनुदान 2 हजार 200 करोड़, अन्तोदय अन्न योजनांतर्गत चना का प्रदाय 451 करोड़, उपभोक्ताओं को विद्युत शुल्क में राहत हेतु सब्सिडी 326 करोड़, राज्य सहकारी विपणन संघ को खाद्यान्न उपार्जन में हुए व्ययों की प्रतिपूर्ति 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।*

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिली महापौर मंजूषा भगत, दिया शपथ ग्रहण में आने का न्योता



रायपुर। आज रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने अंबिकापुर की नवनिर्वाचित महापौर मंजूषा भगत सांसद सरगुजा चिंतामणी महाराज, लूंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो तथा भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ पहुंची। अंबिकापुर के नगर पालिक निगम चुनाव में एतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बधाई देने प्रथम बार पहुंची थी, उन्होंने मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में मिली शानदार सफलता पर उन्हें ढेरों बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी नवनिर्वाचित महापौर सहित नवनिर्वाचित पार्षदों को अपनी ओर से बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत ने मुख्यमंत्री जी को 2 मार्च को अंबिकापुर में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में आने का न्योता दिया जिस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपनी स्वीकृति भी दी। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हर पाल सिंह भामरा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया तथा मधुसूदन शुक्ला सहित अन्य भाजपा नेता पदाधिकारी उपस्थित थे।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

मुख्य कार्यपालन अधिकारी

जनपद पंचायत वाड्रफनगर

बलरामपुर छ.ग.




अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

सरपंच श्रीमती

जयन्ति तिर्की

को भारी मतों से विजयी बनाने पर आभार...

ग्राम पंचायत चांची

जनपद पंचायत राजपुर

बलरामपुर (छ.ग.)

सड़क, बिजली, पानी व स्वच्छता के लिए संकल्पित

सरपंच

दिलीप केरकेट्टा

को भारी मतों से विजयी बनाने पर आभार...

ग्राम पंचायत डकवा

जनपद पंचायत राजपुर

बलरामपुर (छ.ग.)

# बालको ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह






**बालकोनगर** । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने पूरे महीने अपने कर्मचारियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित कर '36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह' मनाया।इस दौरान एक वर्चुअल रियलिटी ट्रेंनिंग माड्यूल को भी लॉन्च किया गया जिसके तहत 150 से अधिक कर्मचारियों को रियल वर्ल्ड ट्रैफिक सिनेरियो से परिचित कराया गया। महीने भर चलने वाले इस अभियान में सामुदायिक रैलियां, कारपूलिंग और गेमीफाइड लर्निंग सेशन जैसी गतिविधियां शामिल थीं।

नए ट्रेनिंग मॉड्यूल से कर्मचारियों ने फर्स्ट पर्सन ड्राइविंग एक्सपीरिएंस रखा जहा उन्हें आचनक ब्रेक लगाने, ब्लाइंड स्पॉट, और पैदल यात्री क्रॉसिंग जैसे विभिन्न परिस्थितियों में रीयल टाइम निर्णय लेने थे। नए टेक्नोलॉजी से कर्मचारियों को तत्काल फीडबैक मिला, जिससे सुरक्षित एवम नियंत्रित ड्राइविंग कैसे करना है वह सीखने का अवसर मिला साथ ही पूरे संयंत्र में औचक वाहन निरीक्षण, अंधे मोड़ की पहचान, सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी तथा ड्राइवरों के लिए नेत्र जांच शिविर, रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमे 300 से अधिक ड्राइवर, ऑपरेटर एवम 170 से अधिक कर्मचारियों-बिजनेस पार्टनरों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। बालकोनगर के आसपास स्कूलों में सड़क सुरक्षा वार्ता आयोजित की गई जिसमें कर्मचारियों एवं बालकोनगरवासियों ने हिस्सा लिया।

बालको के कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि 'शून्य क्षति' के दर्शन के अनुरूप कार्यस्थल को पूर्णत: सुरक्षित बनाने की दिशा में बालको निरंतर कार्यरत है। इसके लिए प्रत्येक कर्मचारी के सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है ताकि वह कार्यस्थल पर किसी भी असुरक्षित गतिविधि को रोकने में अपना योगदान सुनिश्चित कर सके। हमारा लक्ष्य सभी कर्मचारियों, व्यापार भागीदारों और आगंतुकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। बालको परिवार का प्रत्येक सदस्य यातायात नियमों और औद्योगिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के मूलभूत नियमों का पालन कर संयंत्र में सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुझे विश्वास है कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम सभी के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल होगा।

अपना विचार साझा करते हुए बालको कर्मचारी सुश्री सोनाली कृष्णमूर्ति रामटेके ने कहा, ''वीआर हेडसेट ने मुझे एक ऐसा अनुभव प्रदान किया जो वास्तव में दिलचस्प था। सभी सिमुलेशन मुझे चुनौती दे रहे थे कि में विभिन्न रियल-वर्ल्ड ड्राइविंग स्थितियों में ड्राइव करुं, जहाँ पल भर में फैसला लेना होता है। यह अनुभव आपको वाहन चलाते समय अत्याधिक जागरूक बनाता है।''

कंपनी ने सुरक्षा प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए कई पहल शुरू की हैं और सर्वोत्तम प्रथाओं को संस्थागत रूप दिया है। जिसमें सुरक्षा के विभिन्न मॉड्यूल पर कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने के लिए हर महीने के पहली तारीख को सुरक्षा संकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। सुरक्षा संवाद पर एक सप्ताहिक कार्यक्रम जहां बालको के वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा 5000 से अधिक कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों को 'असुरक्षित कार्य को ना कहने का अधिकार' के लिए सशक्त बनाया गया।





# बालको की पहल ने कैंसर के रोकथाम की दिशा में बढ़ाया मजबूत कदम








**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) हर साल, लोगों को कैंसर का समय रहते पता लगाने और उसके रोकथाम के महत्व के बारे जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करता हैं।

बालको सक्रिय रूप से अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं समुदाय को कैंसर का समय पर पता लगाने और रोकथाम के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। यह समझते हुए कि महिलाएँ अपने परिवार के स्वास्थ्य की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, बालको कैंसर के प्रति जागरूकता को प्राथमिकता देता है, और यह सुनिश्चित करता है कि वे स्वास्थ्य सम्बन्धित निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान से परिपूर्ण हों। इन जागरूकता वार्ता और सत्रों का उद्देश्य महिलाओं को कैंसर की रोकथाम के बारे में ज्ञान प्रदान करना,और एक स्वस्थ समाज को बढ़ावा देना है। जागरूकता कार्यक्रमों के अलावा, बालको ने स्थानीय समुदायों में कई नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित किए हैं। इन शिविरों में स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, सिर और गर्दन के कैंसर की जांच के साथ-साथ मैमोग्राफी, पैप स्मीयर टेस्ट, ब्रश साइटोलॉजी, विशेषज्ञ परामर्श और सामान्य स्वास्थ्य जांच जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

हाल ही में, बालको ने अपनी महिला कर्मचारियों के लिए सब्सिडी वाले एचपीवी टीकाकरण शिविर का भी आयोजन किया था। जिसमे 140 से अधिक कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों ने अपनी बेटियों के साथ स्वेच्छा से टीके की पहली खुराक लिया। इस स्वैच्छिक पहल ने बालको की महिला कर्मचारियों को एक स्वस्थ वातावरण में अपने स्वास्थ्य की सक्रिय रूप से रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कैंसर जागरूकता के महत्व के बारे में बात करते हुए, बालको के सीईओ और निदेशक, श्री राजेश कुमार ने कहा, कि कैंसर सिर्फ़ बीमार व्यक्ति को ही नुकसान नहीं पहुँचाता; यह उसके दोस्तों और परिवार को भी प्रभावित करता है। लोगों को कैंसर के बारे में बताकर, उन्हें इसके बारे में जल्दी पता लगाने में मदद करके और स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करना आसान बनाकर, हम आने वाली समस्याओं को कम करना चाहते हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि समुदाय में हर कोई, जिसमें कर्मचारी और उनके परिवार भी शामिल हैं, यह जानते हो कि अपने स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रखना है क्योंकि कैंसर के बारे में जल्दी पता लगाने और समय पर मदद मिलने से बहुत फर्क पड़ सकता है।

बालको के प्रयासों की सराहना करते हुए, श्री बद्री किरण, पार्षद, परसाभाटा ने कहा, कि कैंसर हमारे समुदायों में एक बढ़ती हुई चिंता है, और जागरूकता की कमी के कारण अक्सर देर से पता चलता है, जिससे परिवारों के लिए उपचार अधिक चुनौतीपूर्ण और महंगा हो जाता है।

बालको के कर्मचारी भरत, जिनकी बेटी ने यह टीका लगवाया है, बताते हैं, कि मुझे पहले ।।क्क्ङ वैक्सीन बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं थी, लेकिन इसके बारे में बात करने और कैंसर के बारे में जानने के बाद, मुझे एहसास हुआ कि यह कितना महत्वपूर्ण है। साथ ही घर के नज़दीक इसकी उपलब्धता ने निर्णय को और भी आसान बना दिया। मैंने यह जानकारी अपने परिवार के साथ साझा की, और साथ मिलकर, हमने अपनी बेटी के स्वास्थ्य के लिए यह सक्रिय कदम उठाने का फैसला किया। निरंतर प्रयासों के माध्यम से कैंसर जागरूकता और स्वास्थ शिक्षा को बढ़ावा देकर बालको एक जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है। जल्दी पहचान, रोकथाम और गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराकर बालको जनस्वास्थ और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहा है।





# चुनौतियों से भरा जीवन से उपर उठे मंत्री रामविचार नेताम

## जन्मदिवस पर विशेष



आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम का जन्म सरगुजा संभाग के जिला बलरामपुर के ग्राम सनावल में एक मार्च 1962 में हुआ। उनके पिता स्वर्गीय श्री रामलोचन और माता स्वर्गीय श्रीमती जिदहुलिया देवी थी। उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पा सिंह है। उनके एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उन्होंने स्नातक तक शिक्षा प्राप्त की है। उनकी अभिरुचि संगीत, कला, पर्यटन क्षेत्र में है।

उनका व्यवसाय कृषि है। श्री नेताम का जीवन संघर्षों और उपलब्धियों से भरा हुआ है। कृषि, बागवानी और खेल के प्रति विशेष रूचि रखने वाले श्री नेताम ने अपने सार्वजनिक जीवन में जनहित को सदैव प्राथमिकता में रखकर कार्य किया।

श्री रामविचार नेताम ने पाठशाला से कॉलेज तक का सफर चुनौतियों से जीतकर तय किया। सुदूर ग्रामीण अंचल में पले-बढ़े श्री नेताम शिक्षा के प्रति विशेष रूचि रखते हैं, उन्हें अध्ययन अध्यापन दोनों में रूचि है, इसी रूचि ने उन्हें शाला नायक से शिक्षक की भूमिका तक पहुँचाया। वह रामचन्द्रपुर ब्लॉक (सरगुजा) चाकी गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बतौर शिक्षक पदस्थ रहे। शिक्षक रहते हुए उन्होंने समाज सेवा का संकल्प लेकर सामाजिक जीवन में पदार्पण किया।

उनकी विशेष उपलब्धियों में छात्र जीवन से ही जनहित के मुद्दे पर संघर्ष, गरीबों के लिए आंदोलन, तेन्दूपत्ता मजदूरों व अन्य मजदूरों के मजदूरी बढ़ाने को लेकर आंदोलन, विधायक रहते हुए किसानों की लड़ाई लड़ते 11 दिन जेल जाना पड़ा।

श्री नेताम वर्ष 1990 में पहली बार विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद वर्ष 1993, 1998, 2003, 2008 और वर्ष 2023 में विधायक निर्वाचित हुए। वर्ष 2003 से वर्ष 2005 तक वे छ.ग. शासन में आदिम जाति कल्याण एवं राजस्व, वर्ष 2005 से वर्ष 2008 तक गृह, जेल एवं सहकारिता, वर्ष 2008 से वर्ष 2012 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विधि-विधायी, वर्ष 2012 से वर्ष 2013 तक जल संसाधन, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रहे। श्री नेताम जून 2016 से जून 2022 तक राज्यसभा सांसद भी रहे। श्री नेताम ने यू.एस.ए. (अमेरिका) नार्वे, जर्मनी, स्वीडन, दुबई, सिंगापुर, मलेशिया, थाईलैण्ड, अफ्रीका, सिएरा लियोन जैसे देशों की यात्राएं की है।

रामविचार नेताम (जन्म 1 मार्च 1961) एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं और वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार में कृषि और एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विकास मंत्री के रूप में कार्यरत हैं । इससे पहले, उन्होंने छत्तीसगढ़ से राज्यसभा में संसद सदस्य के रूप में कार्य किया और 2003 से 2013 के बीच रमन सिंह के मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री थे। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा में रामानुजगंज का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें 6वीं छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में भी चुना गया है ।

## राजनीतिक कैरियर


*नेताम पहली बार 1990 में पाल निर्वाचन क्षेत्र से मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए चुने गए और 1993 और 1998 में पुनः चुने गए। मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ के निर्माण के बाद, वे 2003 में उसी सीट से छत्तीसगढ़ विधानसभा के लिए चुने गए और एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विकास मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री बने। 2005 के मंत्रिमंडल फेरबदल में, वे गृह और जेल मंत्री बने। 2008 में, परिसीमन में पाल निर्वाचन क्षेत्र समाप्त हो गया और नेताम ने नवगठित रामानुजगंज से चुनाव लड़ा और कांग्रेस उम्मीदवार बृहस्पत सिंह को 4579 मतों के अंतर से हराया और दूसरे रमन सिंह के मंत्रालय में ग्रामीण विकास के कैबिनेट मंत्री बने। हालांकि, वह 2018 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस उम्मीदवार बृहस्पत सिंह से 11,592 मतों के अंतर से हार गए।*

*29 मई 2016 को उन्हें 11 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ से भाजपा उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया।*


माननीय रामविचार नेता जी
कैबिनेट मंत्री (छत्तीसगढ़ शासन)
को जन्मदिवस
पर हार्दिक शुभकामनाएं...
अविनाश जायसवाल
ट्रक मालिक संघ सरगुजा (छ.ग.)


माननीय रामविचार नेता जी
कैबिनेट मंत्री (छत्तीसगढ़ शासन)
को जन्मदिवस
पर हार्दिक शुभकामनाएं...
उपसंचालक
उद्यान विभाग सरगुजा (छ.ग.)


छत्तीसगढ़ के जनप्रिय नेता एवं कैबिनेट मंत्री
मान. श्री रामविचार नेताम जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनायें
01 मार्च
विनीत - भारतीय जनता पार्टी, जिला - सरगुजा




स्वामी प्रकाशक मुद्रक व सम्पादक एम.पी. गुप्ता, शिवायन ऑफसेट, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) से मुद्रित व कन्या परिसर मार्ग अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) से प्रकाशित